वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 306 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

04 मई 2025 रविवार

आज का मौसम

37 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## लोकगीतों, पारंपरिक धुनों के बीच बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुले

**देहरादून, एजेंसी।**

आज सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खोल दिए गए। मंदिर के रावल (मुख्य पुजारी) ने गणेश पूजा के बाद मंदिर के कपाट खोले। महिलाओं ने लोकगीत गाए। गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाई। इसी के साथ चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई है। कपाट खुलने के बाद चार घंटे में ही करीब 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पूजन-दर्शन किए। श्रद्धालु अगले 6 महीने तक भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर पाएंगे।



तीन मई को भगवान बद्रीविशाल की पालकी, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, कुबेर और उद्धव की उत्सव डोली धाम पहुंची थी। इससे पहले 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री-यमुनोत्री धाम और 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खोले गए थे।

## चुनाव आयोग का प्रयोग, एक ऐप में सारी सुविधा, पुराने एप होंगे खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

चुनाव आयोग अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रहा है। आयोग जल्द ही ECINET नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च कर रहा है जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल




यूजर एक्सपीरियंस के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। बार-बार अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।

## बफे के उत्तराधिकारी, 865 अरब डॉलर की कंपनी के चीफ बने एबेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बर्कशायर हैथवे की सालाना मीटिंग में दुनिया के दिग्गज निवेशक और अमेरिकी कारोबारी वॉरेन बफे ने एक बड़ा ऐलान किया है, उन्होंने कहा कि वे साल के अंत तक सीईओ पद छोड़ देंगे। 94 साल के बफे ने बताया कि उन्होंने बोर्ड को ग्रेग एबेल को सीईओ बनाने की सिफारिश की है। एबेल, बफे के लंबे समय से डिप्टी रहे हैं। खास बात यह है कि एबेल इस बात से थोड़े हैरान दिखे। वे उस समय बफे के बराबर ही बैठे थे। वैसे एबेल को कई सालों से बफे के उत्तराधिकारी



के तौर पर देखा जा रहा था। अब औपचारिक रूप से एबेल दुनिया के सबसे बड़े समूहों में से एक का नेतृत्व करेंगे, जिसकी वैल्यू 865 अरब डॉलर है। 62 साल के ग्रेग एबेल दो दशकों से भी ज्यादा समय से बर्कशायर में एक अहम शख्सियत रहे हैं।

### पाक जासूसों को राजस्थान व पंजाब सीमा पर दबोचा, रोज सीज़ फायर का उल्लंघन

# वायु सेना प्रमुख पीएम हाऊस पहुंचे पाक ने संसद का आपात सत्र बुलाया



**नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी।**

पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के बारह दिन बाद भी भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव रोज बढ़ता नजर आता है। एक अहम घटनाक्रम के चलते आज सुबह एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। वे प्रधानमंत्री आवास पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत चल रही है। उधर पाकिस्तान में खौफ का यह आलम है कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आधी रात को बड़ा फैसला लेते हुए कल यानि सोमवार शाम 5 बजे संसद का आपात सत्र बुला लिया है। भारत में भी कांग्रेस ने इस मामले में दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाने की मांग काफी पहले से कर रखी है। वहीं राजस्थान में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया, उस पर जासूसी करने का आरोप है। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं वहीं अमृतसर पुलिस ने आज 2 जासूसों को गिरफ्तार किया व कहा कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की इन्फार्मेशन और फोटोज विदेश भेज रहे थे। दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव हैं।

इधर पाकिस्तान ने लगातार 10वें दिन भी सीजफायर तोड़ा और कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की।

इधर जानकारी के अनुसार,पाकिस्तान में 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54 का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने संसद भवन में राष्ट्रीय असेंबली की बैठक आहूत की है।' सत्र में मुख्य रूप से पाकिस्तान और भारत के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के भारत के हालिया फैसले पर विशेष जोर होगा। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि पाक सरकार भारत की कार्रवाई के जवाब में 'कड़ी निंदा' प्रस्ताव पेश करने की तैयारी कर रही है।उधर रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने भारत को न्यूक्लियर अटैक की धमकी दी है। उन्होंने रूसी मीडिया को इंटरव्यू में कहा कि भारत की मीडिया, नेताओं के बयान और कुछ लीक डॉक्यूमेंट्स से यह लग रहा है कि वह पाकिस्तान की कुछ जगहों पर अटैक करने वाला है। अगर भारत पाकिस्तान पर अटैक करता है तो इस्लामाबाद अपनी पूरी ताकत से भारत का जवाब देगा, चाहे वह न्यूक्लियर अटैक ही क्यों न हो।

### जापान देगा छठवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

जापान ने शुरूआती हिचकिचाहट के बाद आखिरकार भारत को छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जापान ने ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम में भाग लेने के लिए भारत से संपर्क किया है। यह जापान, यूनाइटेड किंगडम और इटली के नेतृत्व में चलाया जा रहा है एक फाइटर जेट प्रोग्राम है, जिसका मकसद छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का निर्माण है। जापानी सरकार के एक सूत्र ने 30 अप्रैल को इसके बारे में जानकारी दी है। इस प्रस्ताव का मकसद छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के निर्माण में आने वाली लागत को कम करना है।

### अब इमरान व बिलावल का अकाउंट ब्लाक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के 'एक्स' अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। तनाव के बीच पाकिस्तान के सूचना प्रसारण मंत्री के 'एक्स' अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, कि भारत पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है।

### आंधी बारिश से पारे की चाल हुई धीमी

## राहत : 7 तक सूरज से लड़ते रहेंगे तीन मौसमी सिस्टम



एक दिन में दो नजारे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

साइक्लोनिक सर्कुलेशन यानि चक्रवात के तीन सिस्टम एक साथ एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। कही तो ओले भी गिर रहे हैं। इससे तपते हुए दिनों में कुछ राहत मिली है। तापमान गिरा है। भोपाल में धूल भरी आंधी के आज भी आसार हैं। भोपाल कस अलावा इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत 45 जिलों में अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से मौसम बदला हुआ है। अगले चार दिन यानी, 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है।

इस बीच नरसिंहपुर अभी सबसे गर्म चल रहा है कल तो दिन का तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रतलाम में 43.4 डिग्री, खरगोन में 42.6 डिग्री, शाजापुर में 42.4 डिग्री और खंडवा में पारा 42.1 डिग्री रहा। भोपाल में आज पारा 38 के पार जाने के आसार नहीं हैं हालांकि कल बारिश के पहले यह 41 के आसपास चल रहा था।

उधर मौसम विभाग ने बताया उत्तर प्रदेश-बिहार सहित 25 राज्यों में आज आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश की चेतावनी है। मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। इन राज्यों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बिहार, पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में ओले गिरने की संभावना भी है। इधर, ओडिशा में भारी बारिश का भी अलर्ट है।

### छतरपुर : दो वाहनों की भिड़ंत में तीन मौतें

**छतरपुर, दोपहर मेट्रो।** बड़ामलहरा क्षेत्र में देर रात एक अर्टिगा और मारुति वैन की टक्कर में बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा कारों के तेज रफ्तार में होने की वजह से हुआ। जानकारी के अनुसार रात के समय बड़ामलहरा के राजा ढाबा के पास अर्टिगा और मारुति वैन की जोरदार टक्कर हुई। अर्टिगा छतरपुर की ओर से जा रही थी और वैन सागर की ओर से आ रही थी। हादसे में छतरपुर के अमर वाधवानी, तीन साल की बच्ची और बंडा के गजेंद्र अहिरवार की मौत हो गई।

### सिंगापुर की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी ने आम चुनाव जीता

**सिंगापुर, एजेंसी।**

सिंगापुर की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को हुए आम चुनाव में मजबूत जनादेश प्राप्त किया है। पार्टी को 65.57 प्रतिशत वोट मिले हैं, जो 2020 के 61.24 प्रतिशत से ज्यादा है। यह जानकारी रविवार को जारी आधिकारिक परिणामों से प्राप्त हुई। पीएपी ने संसद की 97 निर्वाचित सीटों में से 87 पर जीत दर्ज की है तथा वह शहर-राज्य के 33 निर्वाचन क्षेत्रों में से 30 पर शासन करेगी। विपक्षी वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) ने पूर्वी सिंगापुर में अपनी तीन सीटों पर कब्ज़ा करते हुए 10 सीटें बरकरार रखीं। किसी अन्य विपक्षी पार्टी को कोई सीट नहीं मिली।

1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता के बाद से सत्तारूढ़ पार्टी पीएपी की फिर से जीतने की व्यापक उ मीद थी। ज़्यादातर ध्यान जीत के अंतर पर था, क्योंकि 2015 में पीएपी के वोट शेयर में 69.86 प्रतिशत से पिछले चुनाव में गिरावट आई थी।

### ग्वालियर में हाईप्रोफाइल शादी की गहमागहमी

**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो।** आज ग्वालियर में कई वीवीआईपी मेहमानों का जमावड़ा है। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे प्रबलप्रताप की शादी का रिसेप्शन ग्वालियर मेला मैदान पर आयोजित किया गया है।इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित तीन राज्यों के राज्यपाल, मप्र के सीएम मोहन यादव व केन्द्र और राज्य के कई मंत्री पहुंच रहे हैं। इसके चलते आज सुबह से पूरा शहर हाई अलर्ट पर है। बताया जाता है कि 20 वीवीआईपी व वीआईपी की सूची तो अभी तक जिला प्रशासन और पुलिस के पास पहुंच गई है। शहर का गोला का मंदिर रविवार को आम वाहनों के लिए लॉक रहेगा।




**मेट्रो एंकर** धर्म के साथ ही जाति का कॉलम भी संभावित

## जातीय जनगणना की बन रही रूपरेखा, दो साल में होगी पूरी और नए कॉलम भी जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र सरकार का जातिगत जनगणना कराने का एलान चर्चा में है। ऐलान के बाद अब बात इसे लेकर भी होने लगी है कि जनगणना में जाति का कॉलम जुड़ेगा तो क्या उपजाति या गोत्र के लिए भी कोई कॉलम होगा? जनगणना में किन बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी? क्या मुस्लिम समुदाय की जातियां भी गिनी जाएंगी? मगर यह जानकारी सामने आ रही है कि जनगणना के दौरान धर्म के साथ ही जाति का भी कॉलम होगा। यह सभी के लिए होगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुस्लिम समुदाय में भी कई जातियां हैं और इस बार की जनगणना में यह जानकारी भी सामने लाई जाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि मुस्लिम आरक्षण से जुड़ी कोई भी मांग सरकार स्वीकार नहीं करेगी। इसके पीछे धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं होने की दलील दी जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह भी



कई मौकों पर यह कह चुके हैं कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है और जब तक बीजेपी का एक भी सांसद संसद में है, हम धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। सूत्रों के मुताबिक जनगणना का काम अगले दो से तीन महीने के भीतर शुरू हो जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को डेपुटेशन पर तैनात करने की प्रक्रिया सरकार जल्दी ही शुरू करने की तैयारी में है. जनगणना से संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनगणना का काम पंद्रह दिन में पूरा कर लिया जाएगा. इस बार डिजिटल तरीके से भी जनगणना होगी. इस जनगणना में आधार ,बायोमेट्रिक और एआई का इस्तेमाल होगा. हालांकि, जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण में एक-दो साल का समय लग सकता है. जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण का काम पूरा होने के बाद इसका पूरा डेटा रिपोर्ट की शक्ल में पेश किया जाएगा।

जरूरी सुरक्षा उपयोगी की अनदेखी

# राजधानी के नामचीन बार-रेस्तरां पर एक्शन, सील हुए-लाइसेंस निलंबित

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी में आबकारी विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए 59 रेस्टोरेंट, होटल और क्लब बार के लाइसेंस सस्पेंड करने के बाद उन्हें सील कर दिया है। जांच में यहां कई खामियां मिली थीं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश के बाद ये कार्रवाई की गई। इस बार संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।**



सहायक आयुक्त आबकारी वीरेंद्र कुमार धाकड़ ने बताया, वर्ष 2024-25 में संचालित रेस्टोरेंट, बार, होटल, सिविलियन क्लब लाइसेंस को 2025-26 के लिए रिन्यूवल करने के लिए पोर्टल पर जरूरी दस्तावेज के साथ आवेदन मांगे गए थे। लाइसेंसियों द्वारा ऑटो जनरेटेड बार लाइसेंस के ऑटो जेनरेशन के 30 दिन की समयावधि में ई-आबकारी पोर्टल पर अपलोड दस्तावेजों की जांच की गई। जिनमें खामियां थीं, उन्हें दूर करने को कहा गया था। इनमें से अधिकांश बार में बिजली सुरक्षा सर्टिफिकेट समेत कई दस्तावेज नहीं पाए गए थे। इसके चलते बार लाइसेंस को सस्पेंड कर उन्हें सील कर दिया गया है। जिन होटलों के बार पर एक्शन हुआ है उनमें नामचीन भी शामिल हैं। मसलन आमेर ग्रींस, इफ्फोटल बाय सायाजी, होटल आमेर पैलेस, होटल अवध पैलेस, होटल क्रस्टस प्राइम, होटल गोल्डन बार, होटल लाल प्लाजा, होटल मनप्रीत, होटल प्रसीडेंट, होटल राजदूत गौरव, होटल रणजीत, होटल सत्या विलास, होटल साया जी, होटल शिवा, होटल स्कॉय लैंड, होटल सूर्या, होटल विश्वास, होटल व्यंजन, कान्हा फन सिटी, द रेजीडेंसी। इसी तरह रेस्टोरेंट बार बेनकिट नेशन, बाररिल्स एंड रेस्टोरेंट, बावर्ची रेस्टोरेंट, भोजिन्न, बॉजी बाय, बोसकोस, क्लब ओबेलो, ड्रीम लैंड, ड्रिंक हिल, टेन डाउनिंग स्ट्रीट,फर्जी कैफे, फर्जी हाउस, फ्लाइंग सॉसर, गुनवनी हॉस्पिटिलिटी, हैप्पी फूड एंड बावरेज, हंटर स्पोर्ट्स एंड क्लब, लॉवरी, जूह नूह नी, एमके रेस्ट्रो एंड पब रास्ता, मॉल्क्यूल एयर बार, माय बार हेडक्वार्टर, निरवाना बार, परफेक्ट हॉस्पिटिलिटी, रणजीत गोल्डन ऑक, रेमिक्स लान्ज, रेयथम ऑन फायर, साकी बार एंड रेस्टोरेंट, शाही हवेली, सिम्पली फूड, स्मॉक ग्रिल हाउस, सोशल लाइट सेवल, सौम्या बार, टेब टोस्ट एंड बलिस्स, तड़का रेस्टोरेंट, ट्रीपल सेवन, अर्बन आर एंड रेस्ट्रो, वी क्लब तथा भोजपुर क्लब के सिविलयन क्लब बार पर भी कार्रवाई की गई है।

## कार में 15 लाख की शराब जब्त

आबकारी अमले ने एक कार के साथ 38 पेटी शराब भी जब्त की है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरजी भदौरिया ने बताया, बैरागढ़ प्रभारी अधिकारी स्वाति बघेल एवं टीम ने एक कार में देवास से भरकर लाई जा रही 381.0 बल्क लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ दो आरोपी शाहरुख अली एवं शाकिर अली को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम-1915 की धारा 34(1)क व (2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। शराब 38 पेटी में रखी थी। जब्त शराब और कार की कीमत 15 लाख रुपए आंकी गई है।

कॉलेज लव जिहाद मामला?

# भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की जांच समिति, आज पीड़िताओं से मिलेगी



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी स्थिति कॉलेज में हिंदू छात्राओं को लव जिहाद में फसाने और दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग और मानव अधिकार आयोग ने अपनी जांच शुरू कर दी है।**

शनिवार को भोपाल पहुंची महिला आयोग की तीन सदस्यीय जांच समिति में निर्मल कौर (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी, पूर्व डीजीपी, झारखंड), निर्मला नायक (अधिवक्ता, जबलपुर उच्च न्यायालय) एवं आशुतोष पांडेय (अवर सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग) शामिल हैं। समिति ने पहले दिन इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की तथा मामले की जमीनी वास्तविकता को समझने का प्रयास किया। वहीं आज रविवार को यह जांच समिति घटना से जुड़ी कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए पीड़ित छात्राओं, उनके परिवारजनों और संबन्धित अधिकारियों से मुलाकात कर रही है। सभी पक्षों से बातचीत के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी सुझाव देगी। आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि पीड़िताओं को न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। बता दें कि मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

## शिविर....



भोपाल। भोपाल के टीटी नगर गुरुद्वारे में शिविर का आयोजन।

80 हजार अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने के विरोध के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

# शैक्षणिक सत्र शुरु हुए एक माह बीता, विभाग तबादले, मान्यता और अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में उलझा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में शैक्षणिक सत्र हुए एक माह से अधिक समय बीत गया है, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग अब भी तबादले, मान्यता और अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले करीब 80 हजार हजार अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने के विरोध के अब विभाग ने इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा नए सिरे से अतिथियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। ग्रीष्म अवकाश के दौरान यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए अपर संचालक लोक शिक्षण कामना आचार्य ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए रजिस्ट्रेशन और पहले से रजिस्टर्ड अतिथि शिक्षकों की जानकारी को अपडेट किया जाएगा।



**एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर रजिस्ट्रेशन होगा** : अतिथि शिक्षक भर्ती में नवीन उम्मीदवारों के लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर रजिस्ट्रेशन होगा। नवीन उम्मीदवार पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यता के दस्तावेज अपलोड कर अपनी प्रोफाइल को लॉक करेंगे और सत्यापन कराएंगे। पहले से रजिस्टर्ड अतिथि शिक्षक अपनी जानकारी में संशोधन करने के लिए संबंधित दस्तावेज अपलोड कर अपनी प्रोफाइल को लॉक करने के बाद सत्यापन कराना होगा। पहले से रजिस्टर्ड अतिथि शिक्षक यदि अपनी जानकारी में कोई अपडेशन नहीं कराना चाहते हैं, तब भी उनको शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यता के डाक्यूमेंट्स फिर से अपलोड करना होगा और प्रोफाइल को लॉक कर सत्यापन कराएंगे।

## एएफआरसी ने आवेदन तिथि बढ़ाकर 15 मई की




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**प्राइवेट सेक्टर के गैर-अनुदान प्राप्त संस्थाओं द्वारा संचालित चिकित्सा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारण प्रक्रिया एडमिशन एंड फीस रेगुलेटरी कमेटी (एएफआरसी) ने शुरू कर दी है। आवेदनों की स्थिति को देखते हुए हाल ही इसकी आवेदन तिथि बढ़ाकर 15 मई की गई है। इसके तहत सत्र 2025-26, 2026-27 और 2027-28 के शुल्क निर्धारण के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। एएफआरसी ने आवेदन का पोर्टल बंद कर दिया था। इसके बाद कई मेडिकल कॉलेजों ने फिर से पोर्टल खोलने की मांग की थी।**

प्रशासन ने की परीक्षा के लिये व्यापक व्यवस्थाएं

# नीट के लिए हसरतों के साथ परीक्षा केंद्रों के बाहर युवाओं का जमावड़ा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) के लिये आज सुबह से परीक्षा केंद्रों पर गहमागहमी रही। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड (पेन-पेपर आधारित) में हुई। परीक्षा समय दोपहर 2 बजे से शाम 5-20 बजे तक निर्धारित है। छात्रों को दोपहर 12 बजे तक केंद्रों पर पहुंचने को कहा गया। हालांकि, एंट्री सुबह 11 बजे से शुरू की गई।भोपाल में 35 केंद्र पर 14 हजार और इंदौर में 40 केंद्र पर 28 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन और आपात चिकित्सा सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश और परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए छात्रों को कुछ आवश्यक निर्देशों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भोपाल में 50 मेडिकल टीमों की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक चिकित्सक और एक पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस वाहनों को भी क्विक रिस्पॉन्स मोड में रखा गया है।



जोनल स्तर पर समन्वय के लिए विशेष मेडिकल टीमों का गठन भी किया गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दौरान छात्रों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

# झूलेलालजी की अमर कथा पर निकली कलश यात्रा



दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।

श्री झूलेलालजी (वरुणदेव) की अमर कथा से पहले शनिवार सुबह भगवान झूलेलाल के वंशज ठाकुर साईं मनीषलाल के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकली, जो पूरे संतनगर की परिक्रमा करके वापस साईं आसनलाल धर्मशाला पहुंची श्री वरुणदेव अवतारजी की श्री अमर कथा का पाठ से 6 मई तक ठाकुर साईं आसनलाल धर्मशाला में होगी। 6 मई को भगवान झूलेलाल के गादीनशीन ठकुर साईं आसनलाल साहिबजी का 114 वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। यात्रा में कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी शामिल हुए एवं श्री अमर कथा पर माथा टेककर साईं मनीषलाल का आशीर्वाद लिया। कलश यात्रा में घनश्याम पंजवानी, भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, आनंद सबधानी, माधवदास पारदासानी, सुनील खूबचंदानी, खिल्लू खूबचंदानी, आवत खूबचंदानी, कन्हैयालाल गुरनानी, चंद्र कुमार उधवानी, हरीश विधानी, दीपक संतानी, राजू खूबचंदानी, राम पारदासानी, राजकुमार वाधवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।

मेट्रो एंकर

निरोगी काया के सूत्र लेने आए साधक-साधिकाएं

# आरोग्य केन्द्र में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।

प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र आरोग्य में पांच दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ, जिसमें देश के कई हिस्सों से आए साधक हिस्सा ले रहे हैं। साधक प्राकृतिक उपचार, योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा और पोटली मालिश जैसे विभिन्न तरीकों से स्वस्थ रहने की कला सीखेंगे।



पहले दिन, शिविरार्थियों का पंजीकरण और प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा परामर्श किया गया, जिसके बाद डॉ. गुलाब राय टेवानी द्वारा एक परिचयात्मक व्याख्यान दिया गया। डॉ. टेवानी ने कहा कि शिविर में शरीर को शुद्ध करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में सिखाया जाएगा। पंच तत्वों यानी पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश से उपचार करना सिखाया जाएगा। डॉ. टेवानी ने स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ दिनचर्या अपनाने और सकारात्मक सोचने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपक्व आहार दवाओं की आवश्यकता को कम करता है और प्राकृतिक चिकित्सा बीमारियों से पूर्ण राहत प्रदान करती है।

डॉ. टेवानी ने बताया कि आरोग्य केंद्र ने समाज को जागरूक करने के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत दस दिवसीय शिविर के साथ-साथ एक स्वास्थ्य प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किया गया है। इस कोर्स में, साधक प्राकृतिक चिकित्सा और उपवास चिकित्सा सीखेंगे, और प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे, जिससे वे न केवल खुद को स्वस्थ रख पाएंगे बल्कि अपने परिवारों को भी स्वस्थ रखने में सक्षम होंगे।

शिविर में प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास और विभिन्न प्रकार के आहारों (अपक्व, रस और फल) के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने की शिक्षा दी जाएगी।

हर साल छह मई को एक रोगी के ऑपरेशन का उठाती है खर्चा

# दिवंगत पति की याद में फौजी की पत्नी करती है दान

दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।

राजधानी के गुलमोहर क्षेत्र में स्थित एलबर्ट एक्का कॉलोनी में, कई पूर्व और दिवंगत सैनिकों के परिवार रहते हैं। इनमें से एक आशा माथुर (बदला हुआ नाम) हैं। हर साल वे 6 मई को अपने दिवंगत पति की याद में एक नेत्र रोगी की आँख के ऑपरेशन के लिए दान करती हैं। श्रीमती माथुर, किसी भी परिस्थिति में, 6 मई को दान करना नहीं भूलती हैं। हर साल की तरह, इस साल भी श्रीमती माथुर ने सेवा सदन को एक मरीज की आँख के ऑपरेशन के लिए 7,000 रुपये की राशि दान की। 77 वर्षीय आशा माथुर के परिवार में उनका छोटा बेटा, एक भाई और एक बहू हैं, जो सभी सेना में कार्यरत हैं। श्रीमती आशा से बात करते ही, कोई भी उनके देश और देशवासियों के लिए उनके गहरे स्नेह को महसूस कर सकता है। उनका मानना है कि आजकल लोगों में सामाजिक दिखावा बहुत बढ़ गया है। जन्मदिन पार्टियों और स्मृति दिवसों आदि पर भव्य दावतें आयोजित करने के बजाय, गरीबों की शिक्षा और जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए धन खर्च किया जाना चाहिए। सामाजिक दिखावे से किसी व्यक्ति या समाज को कोई लाभ नहीं होता है। निस्वार्थ सेवा के लिए दान करने से मिलने वाली संतुष्टि की तुलना किसी और चीज़ से नहीं की जा सकती।

### डीपीआई से मान्यता क्यों निरस्त की अब पोर्टल से इस आप्शन को हटाया

# अब मान्यता का निर्णय स्कूल शिक्षा मंत्री लेंगे, 500 अपीलीय आवेदन पहुंचे

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**प्रदेश में शैक्षणिक सत्र के एक माह बात बीतने के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग निजी स्कूलों की मान्यता की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका है। लोक शिक्षण संचालनालय स्तर पर आवेदन निरस्त होने के बाद अब अपील स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के पास पहुंची है। सिंह ने आवेदनों पर सुनवाई शुरू कर दी है। अभी तक मंत्री सिंह को करीब पांच सौ स्कूलों के आवेदन मिल चुके हैं।**

उलेख्खनीय है कि, स्कूलों की मान्यता के आवेदन ऑनलाइन लिए जाते हैं। पहले मान्यता में पोर्टल पर सभी को देखने की सुविधा दी गई थी। किस आधार पर स्कूलों को मान्यता दी गई है और निरस्त की गई है। अब पोर्टल से उक्त आप्शन को हटा दिया गया है। पोर्टल पर सिर्फ मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची भर दिखाई जा रही है। पहली से आठवीं तक के अधिकांश स्कूलों को मापदंड पूरे नहीं होने के कारण मान्यता देने या निरस्त करने के विकल्प को पोर्टल से हटा दिया गया है। अब मंत्री स्तर पर सुनवाई के बाद ही साफ हो सकेगा कि जेडी व आयुक्त के मान्यता निरस्त करने के बाद अब कितने स्कूलों को मंत्री स्तर पर मान्यता दी जाएगी।



### आयुक्त लोक शिक्षण तक आए मान्यता के 900 आवेदन-

विभागीय प्रंक्रिया के अनुसार,, पहली से आठवीं तक की मान्यता राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा डीपीसी के माध्यम से दी गई। जबकि नवमीं से बारहवीं तक की मान्यता लोक शिक्षण ने संभागीय संयुक्त संचालकों के माध्यम से दी है। भोपाल समेत कुछ जिलों में मान्यता के प्रकरणों का डीपीसी पूरा नहीं कर पाए हैं। जबकि संभागीय संयुक्त संचालक मान्यता के प्रकरणों का निराकरण कर चुके हैं। जेडी के मान्यता निरस्त करने के बाद पहली अपील में आयुक्त लोक शिक्षण के समक्ष शुरू होकर समाप्त भी हो चुकी है। आयुक्त लोक शिक्षण के पास मान्यता के 900 आवेदन पहुंचे थे। इनमें से जेडी के निरस्त करने के बाद चार सौ स्कूलों को मान्यता मिली है।

### मोहन सरकार ने जारी की पहली तबादला नीति

# राज्य प्रशासनिक, पुलिस व वन सेवा अफसर नहीं होंगे प्रभावित

## इन सेवाओं के अफसरों के विभागीय आधार पर होंगे तबादले

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल की पहली तबादला नीति जारी कर दी है, जिसमें मामूली बदलाव किए हैं। पहली बार राज्य प्रशासनिक, पुलिस और वन सेवा के अफसरों को बाहर किया है। इनके तबादले विभागीय स्तर पर किए जाएंगे। जरुरत पड़ी तो विभाग नीति भी बना सकेंगे। पुरानी नीति में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी, मप्र न्यायिक सेवा के अधिकारी व मप्र मंत्रालय सेवा के अधिकारी, कर्मचारियों को ही बाहर किया था।** यह नीति सोमवार देर रात जारी की है, जो कि 1 मई से प्रभावी हो चुकी है, तबादले के थोकबंद आवेदन भी आने लगे हैं। उक्त नीति को मंगलवार कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी थी इसके तहत 30 मई तक तबादले होंगे।

### ई-आफिस को दी ताकत

नीति में बड़ा बदलाव ई-आफिस व्यवस्था को लेकर किया है। अब सभी तबादला आदेश अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्ष के ई-आफिस से जारी होंगे। पूर्व में ये आदेश संबंधितों के ई-मेल के जरिए जारी किए जाते थे।



### अब कलेक्टरों को मंत्रियों से लेनी होगी सहमति

तबादले से जुड़े कुछ मामलों में कलेक्टरों के अधिकारों को सीमित करके प्रभारी मंत्रियों को और अधिक पावरफुल बनाया है। अब कलेक्टरों को जिले के अंदर डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के अनुविभाग बदलने के लिए प्रभारी मंत्रियों परामर्श लेने के साथ-साथ सहमति भी लेनी पड़ेगी। उसके बाद ही बदलाव कर सकेंगे। पुरानी नीति में तबादला करने से पहले प्रभारी मंत्रियों से केवल परामर्श लेना होता था, सहमति लेने की जरुरत नहीं थी।

### नीति में बहुत कुछ पहले जैसा

तबादला नीति के अनुसार मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, प्रभारी मंत्रियों, विभागाध्यक्षों के अधिकारों में कोई कटौती नहीं की है। जिला संवर्ग के एवं राज्य संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का तबादला जिले के अंदर कलेक्टरों के माध्यम से प्रभारी मंत्रियों के अनुमोदन से विभागों के जिला विभाग प्रमुख् करेंगे। इसी तरह विभागीय मंत्रियों के अधिकार भी सुरक्षित रखे हैं, तो कुछ फाइलें पूर्व की तरह मुख्यमंत्री समन्वय से ही क्लियर होंगी। नीति में जिनकी सेवानिवृत्ति की अवधि एक वर्ष या कम बची हो, उनका तबादला नहीं किया जाएगा। स्वेच्छा आधार पर किए जाने वाले तबादलों में उन शासकीय सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने बीते वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों को पूरा किया है। ऐसे शासकीय सेवक एक ही जिले में तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि तक रह चुके हैं, उन्हें दोबारा उस जिले में उसी पद पर पदस्थ नहीं किया जाएगा।

### दक्षता निर्माण कार्यक्रम का समापन

# हम अंधविश्वासी नहीं, कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए करते हैं प्रकृति पूजा : परमार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हम प्रकृति को पूजते थे, तो हमें अंधविश्वासी कह दिया गया, लेकिन हम अंधविश्वासी नहीं अपितु कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। क्योंकि प्रकृति हमारा पोषण करती है। जो हमारी सहायता करता है, उस अजनबी को भी हम धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। यह हमारी परंपरा है। आज अपनी परंपराओं का वैज्ञानिक ढंग से शोध करने और दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है।

यह बात उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने दत्तोपन्तठेंगड़ी शोध संस्थान और आईसीएसएसआर द्वारा आयोजित युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दो सप्ताह का दक्षता निर्माण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल हुए। समापन सत्र में उन्होंने युवा प्राध्यापकों को संबोधित किया। एनआईटीटीटीआर में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. चन्द्र चारु त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि देशभर से 100 से अधिक आवेदन आये थे। चयन के बाद 33 प्रतिभागी इसमें शामिल हुए, जिनमें 17 महिलाएं रहीं। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये 30 विद्वान वक्ताओं ने युवा प्राध्यापकों के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। मंत्री परमार ने कहा कि लंबे समय तक हमें कहा गया कि हम अज्ञानी और निरक्षर थे, लेकिन कभी हमने सोचा ही नहीं कि बिना ज्ञान के क्या हम विश्वगुरु हो सकते थे? हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए ज्ञान की परंपरा छोड़ी है, उसको वर्तमान के संदर्भों में देखना चाहिए।

## कॉलेज प्रवेश : जल्द शुरू होगी प्रक्रिया, हर जिले में बनाए नोडल, टोल-फ्री नंबर भी जारी



**दोहपर मेट्रो, भोपाल।** प्रदेश में एमपी बोर्ड, सीबीएसई सहित अन्य बोर्ड की परीक्षाएं होने के बाद अब परिणाम जारी होने के क्रम भी शुरू हो गया है। ऐसे में विद्यार्थियों को जल्द ही कॉलेजों में प्रवेश का इंतजार है। इधर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रवेश से संबंधित सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1800 8908 399 और हेल्पलाइन नंबर 80000 63632 भी जारी किए गए हैं। दरअसल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस बार प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कई अहम बदलाव किए गए है। प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी संचालित करने व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए हर जिले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उक्त नोडल अधिकारी प्रवेश से संबंधित विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा संचालनालय से समन्वय बनाएंगे। उक्त नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें और प्रतिदिन प्रवेश से संबंधित रिपोर्ट अपने संभाग के अतिरिक्त संचालक करेंगे।

### संभाग स्तर पर मॉनिटरिंग कर आयुक्त को रिपोर्ट

अतिरिक्त संचालक संभाग स्तर पर मॉनिटरिंग कर आयुक्त को रिपोर्ट करेंगे। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रों की है, सुविधा के लिए विभाग ने ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था की है। विद्यार्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर कालेजों में प्रवेश ले सकेंगे।

### मंदसौर के सीतामउ में हुआ पहला उद्योग समागम

# पहले कृषि उद्योग समागम में किसानों को कई सौगातें

**किसानों को 10 प्रतिशत शुल्क पर सौर उर्जा पंप देने की घोषणा**



**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

भोपाल। पहला कृषि उद्योग समागम प्रदेश के मंदसौर में शनिवार को हुआ। इसमें किसानों का कई सौगातें मिली। सीएम डॉ. मोहन यादव ने भरोसा दिया कि संतरे, केले जैसे कई फलों की मप्र सरकार ब्रांडिंग कराएगी। मसालों को भी पहचान दिलाएंगे। अनाजों के जीआई टैग समेत सभी तरह के विकास की पहले से की जा रही चिंताओं को और अधिक गति देंगे। सीएम ने कार्यक्रम के पहले उद्योगपतियों-किसानों से संवाद किया और भरोसा दिया कि निवेशकों व किसानों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं, आगे भी खुले रहेंगे।

**3812 करोड़ की 11 यूनिटों की रखी आधारशिला, हजारों को मिलेगा रोजगार-** सीएम ने हुए प्रदेश के पहले कृषि उद्योग समागम में 3812 करोड़ के निवेश प्रस्ताव वाली 11 औद्योगिक इकाइयों के निर्माण की आधारशिला रखी। इनकी स्थापना से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। ये इकाईयां सीतामऊ व गरोठ में आकार लेंगी। इनमें से कुछ के प्रस्ताव 24 व 25 फरवरी को भोपाल के मानव संग्रहालय में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) 2025 में मिले थे, जबकि कुछ प्रस्ताव उद्योग समागम में मिले।

### सीएम ने यह भी कहा

- » तीन साल में 32 लाख किसानों को सोलर पंप मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सौर ऊर्जा से स्वयं बिजली बनाएंगे और पम्प चलाएंगे। अधिक बिजली पैदा करने पर सरकार बिजली खरीदेगी और उसका भुगतान भी करेगी। किसानों को कुल लागत की मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
- » खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है, इस बीच मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि स्थानीय स्तर पर जुगाड़ द्वारा किए जाने वाले नवाचारों को भी प्रोत्साहित करेंगे।
- » संतरा, केला सहित कई उत्पाद बड़ी मात्रा में होते हैं। पहले से इनकी ब्रांडिंग हो रही है। प्रदेश का संतरा तो नाम से ही बिकता है। केले की भी अच्छी खासी मांग है। मसालों के खरीदार तो दूसरे प्रदेशों से आते हैं।
- » फसल के बाद बचे अवशेष में आग लगाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम होती है। इस स्थिति के निराकरण के लिए मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है और उन पर अनुदान की व्यवस्था भी है, उन्होंने किसानों से जमीनें नहीं बेचने की अपील भी की। जरुरत पढ़े तो मकान गिरवी रख देना, कर्ज ले लेना लेकिन जमीन बेचने के बजाए उसे बचाना यह आमदानी बढ़ाएगी। यह बाप दादाओं की दी हुई धरोहर है, इसे बचाना।

# मप्र कांग्रेस का रोड मैप तैयार, पहले प्रशिक्षण शिविर, फिर होगा अधिवेशन

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मप्र कांग्रेस आगामी कुछ दिनों सक्रिय नजर आएगी। इनमें दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 9 और 10 अगस्त को महाकौशल के जबलपुर में तय किया गया है। जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। इस अधिवेशन में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और मप्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी। मगर अधिवेशन से दो महीने पहले, यानी 16 और 17 मई को पचमढ़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण भी होगा। इसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। यहां समस्त प्रांत पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होगा।



इसके अलावा कल 5 मई से प्रत्येक जिले में सम्मेलन शुरू किए जा रहे हैं। पटवारी मालवा के उज्जैन, नीमच, मंदसौर समेत 8 जिलों में जाएंगे। इन सम्मेलनों को संविधान बचाओ रैली नाम दिया गया है, जो 10 मई तक चलेगी। 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय %संविधान बचाओ रैलियां होंगी और 20 मई से 30 मई तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा।






### पलाश समेत पर्यटन की 13 यूनिट्स को मिली अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

# पर्यटकों की रेटिंग से मिला टूरिस्ट च्वाइस अवार्ड

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मप्र पर्यटन निगम की राजधानी स्थित पलाश रेसीडेंसी समेत एमपी टूरिज्म की 13 यूनिट्स को अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड मिला है। इनमें खजुराहो, महेश्वर, पचमढ़ी, पेंच की होटल्स भी शामिल हैं। प्रदेश ने टूरिस्टों की रेटिंग से यह खिताब हासिल किया है। पर्यटक मार्गदर्शी संस्था ट्रिप एडवाइजर यूनाइटेड स्टेट के ट्रेवलर्स च्वाइस अवॉर्ड- में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की 13 इकाइयों ने ट्रिप एडवाइजर्स एनुअल ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड दिया गया। निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया, जिन यूनिट्स को अवॉर्ड मिला, उनमें पलाश रेसीडेंसी भोपाल, होटल हाईलैंड पचमढ़ी, व्हाइट



टाइगर फॉरेस्ट लॉज बांधवगढ़, तानसेन रेसीडेंसी ग्वालियर, नर्मदा रिसॉर्ट महेश्वर, टैम्पल व्यू ओंकारेश्वर, चंपक बंगलो पचमढ़ी, एमपीटी किपलिंग कोर्ट पेंच, ग्लेन व्यू पचमढ़ी, होटल पायल खजुराहो, होटल अमलतास पचमढ़ी, टूरिस्ट विलेज शिवपुरी और देवदारू बंगलो पचमढ़ी शामिल हैं।

### पर्यटकों की पसंद के आधार पर रेटिंग

ट्रिप एडवाइजर% संस्था पूरी दुनिया में विभिन्न स्थानों पर गए पर्यटकों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन कर हर वर्ष यह अवॉर्ड देती है। पर्यटकों की ओर से दुनियाभर के होटल, रेस्तरां और दूसरे स्थानों को दी हुई रेटिंग के आधार पर ट्रेवलर्स चॉइस अवॉर्ड के लिए चुना जाता है। पर्यटक हर साल इसमें भाग लेते हैं और अपनी पसंद के आधार पर वोटिंग करते हैं। हर कैटेगरी में दुनिया के चुनिंदा शहरों, पर्यटन स्थलों और होटल्स, रेस्टोरेंट की सूची बनाकर प्रत्येक श्रेणी में अवॉर्ड की घोषणा की जाती है।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक






■ ललित गर्ग

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है। इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

## फिल्मों की हिंदी में बदलाव

# बहते पानी सा संवादों का लहजा

**हिंदी फिल्मों की शुरुआत से लेकर अस्सी के दशक तक पर्दे पर कलाकारों की भाषा में खास ठहराव और 'दबाव' होता था। एक तरह का शास्त्रीय और मंचीय प्रभाव। जिससे कभी-कभी बनावटीपन लगता था। लेकिन आज के अभिनेताओं-अभिनेत्रियद्वों की फिल्मी भाषा में सहज प्रवाह और लचीलापन है। संवाद असल जिंदगी से जुड़े महसूस होते हैं।**



■ डी.जे.नंदन

अगर आपसे यह सवाल किया जाए कि क्या बॉलीवुड फिल्मों में बोली जाने वाली आज की हिन्दी, पिछली सदी के पचास, साठ, सत्तर और अस्सी के दशकों की बॉलीवुड फिल्मों की हिंदी से बेहतर है? तो इस सवाल का कोई सटीक जवाब नहीं हो सकता। फिर भी बेशक आज की फिल्मों की हिंदी अगर पहले की फिल्मों से बेहतर नहीं भी है, तो भी यह पहले से 'अलग और असरदार' है। आज की हिन्दी ज्यादा लचीली, संवादधर्मी और ग्लोबल शहरी अनुभव से जुड़ी है। आज की पीढ़ी के अभिनेता और अभिनेत्रियां हिंदी को कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से बोलते हैं। विक्की कौशल (फिल्म- सरदार ऊधम) को देखिये वह आत्मविश्वास और गहराई के साथ हिंदी बोलते हैं। न संवादों में कोई बनावट, न हिचक- जैसे 'जो लहू नहीं खोला, वो लहू नहींज' इस उच्चारण में हिंदी के लिए गर्व और सहजता दोनों दिखते हैं। पिछली सदी के सत्तर और अस्सी के दशक में अमिताभ बच्चन की हिन्दी बहुत समृद्ध लेकिन नाटकीय थी, 'संवाद अदायगी'में मंचीय असर था। जबकि आज की हिंदी में एक सहज बहाव है।

### पर्दे पर हिंदी को जीने का हुनर

आज के अभिनेताओं को मंचीय प्रशिक्षण, स्क्रिप्ट वर्कशॉप्स और संवाद को स्वाभाविक बनाने की ट्रेनिंग मिलती है। उन्हें 'कैजुअल फ्लुएंसी' की ज़रूरत होती है, मतलब, हिंदी ऐसे बोलना, जैसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी की भाषा हो। विक्की कौशल, राजकुमार राव, तापसी पन्नू, भूमि पेडनेकर सभी संवादों में हिन्दी को आत्मसात कर बोलते हैं। ये हिंदी को परफॉर्म नहीं करते, 'जीते' हैं। पिछली सदी के 70 और 80 के दशक में, अभिनेता हिंदी को ठहराव और 'दबाव' से बोलते थे। यह 'शास्त्रीय लहजा- था जैसे दिलीप कुमार, अमिताभ, शबाना, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह आदि। जबकि आज की हिन्दी प्राकृतिक, तेज़, और हल्की लय में आती है.. मगर इसमें 'भार' अक्सर कम होता है।

### राज़ी' की मिसाल



आजकल बॉलीवुड फिल्मों में सहज भाषाई फ्लो का एक खूबसूरत उदाहरण आलिया भट्ट की फिल्म 'राज़ी' है। इस फिल्म में आलिया ने जिस तरह की हिंदी बोली है, उसमें पानी जैसा बहाव है। कोई शब्द अतिरिक्त जोर देकर नहीं बोला गया था, फिर भी शब्द असरदार थे। जबकि अपने दौर में अमिताभ बच्चन संवाद में ज्यादा ही मंचीयता भर देते थे। उनसे पहले दिलीप कुमार अपने डायलॉग को इतना ज्यादा अभिनय सेंट्रिक कर देते थे कि दर्शक डायलॉग को सुनने की जगह देखने लगता था।अपने जमाने की महान अभिनेत्री स्मिता पाटिल (फिल्म भूमिका) भी बहुत अच्छी हिन्दी बोलती थीं; लेकिन उनकी हिंदी गूंजदार, ठहराव से भरी होती थी। उच्चारण नाटकीय लगता था। लेकिन आज के ज्यादातर अभिनेता-अभिनेत्रियों का उच्चारण और लहजा क्षेत्रीयता से मुक्त है? मसलन जान्हवी कपूर ने फिल्म- गुड लक जैरी में पंजाबी पृष्ठभूमि की भूमिका निभाई, फिर भी उच्चारण 'न्यूट्रल शहरी हिन्दी' में रहा.. न पंजाबी झलक, न दक्षिण भारतीय प्रभाव। इसके उलट राजकुमार ( पाकीज़ा, वक्त) के उच्चारण में भारी उर्दू-शैली का असर था। आज की हिन्दी स्मूद है? कुछ लोग इसे 'नेटफ्लिक्स हिन्दी' कहते हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी ने (फिल्म गली बॉय) हिन्दी, उर्दू और स्ट्रीट स्लैंग का मिश्रित रूप स्मूद ढंग से पेश किया - संवादों में बनावटीपन नहीं। अपने जमाने में राजेश खन्ना या शत्रुघ्न सिन्हा जैसे अभिनेता अक्सर अपने मूल क्षेत्रीय लहजों को पूरी तरह छोड़े बिना हिन्दी बोलते थे- जो उस दौर में 'स्वाभाविक' मानते थे। जबकि आज की पीढ़ी की हिंदी ज्यादा कैजुअल, लचीली और 'असल ज़िंदगी से जुड़ी' लगती है। पहले की हिन्दी में 'भाषाई सौंदर्य' था, आज की हिन्दी में 'संवादिक सहजता' है। शायद आज की हिंदी ज्यादा असरकारी होने का कारण यह भी कि हिंदी सिर्फ संवाद की भाषा नहीं है, इसमें भावनात्मक गहराई भी है?

# जाति न पूछो जन की, पूछो कौशल का ज्ञान

## सियासत रहे दूर और हुनर को सम्मान

■ ध्रुव शुक्ल

मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर जाति-जनगणना की घोषणा, तो हो गई पर आदमी की जाति पर जो राजनीतिक बहस चलती रहती है, अगर उससे पशु-पक्षी भी सहमत हो जाएं, तो उन्हें भी अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी के आधार पर अपनी गणना और अधिकारों की मांग करनी चाहिए। आखिर वे भी तो इसी देश में रहते हैं। पर अब तक अनुभव में यही आया है कि वे अपने वनों में आपसी योगदान के बीच मिल-जुलकर जीवनयापन करते हैं। उनके बीच कोई छुआछूत और पिछड़ेपन का भाव नहीं है। वे अपनी कर्म कुशलता के अनुरूप सह अस्तित्व में जीते हैं। वनों की समृद्धि में उनका बड़ा योगदान है।जैसे मनुष्य योनि है, उसी तरह पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों, वृक्ष-लताओं की भी अपनी योनि है। सभी योनियों के कर्म के आधार पर जाति का निर्धारण मनुष्यों ने ही अपने सुभीते के लिए किया है। खेती करने वाले मनुष्य खेतिहर और माटी से घड़ा बनाने वाले कुम्हार कहलाते हैं। गहने गढ़ने वाले सुनार, रस्सी बुनने वाले सुतार, लोहे का काम करने वाले लोहार, रुई धुनकने वाले धुनकर चमड़ा पकाकर जूते बनाने वाले मोची कहलाते हैं।



सदियों से सबका जीवन इन कर्म आधारित नामवाली जातियों के रचनाशील कामों से ही चलता आया है और समाज इनका एहसान मानता आया है। पर अब उनके हाथों की कला छीनकर उन्हें विपन्न बनाया जा रहा है। कुम्हार, सुतार, लोहार, बुनकर आदि सभी हुनरमंद लोगों के काम मशीनों को सौंपकर और उन्हें अभावग्रस्त बनाकर उनके जीवन को राज्य पाने की लालसा से केवल वोटरों की बस्तियों में बसा दिया है। वे मुफ्त के आश्वासनों व अन्न पर जीवन गुजार रहे हैं। अपना गांव छोड़कर शहरों में मजूरी कर रहे हैं। आधुनिक सभ्यता के कचरे से बनी झुग्गी बस्तियों में जीवन काट रहे हैं। जाति तो कर्म सौंदर्य से पहचानी गई। इसी कारण वह आदरणीय रही है। उसमें कहीं अस्पृश्यता का भाव नहीं है। प्रत्येक तीज-त्योहार में जातियों द्वारा गढ़े गए उपकरणों की आत्मीय भूमिका रही है। उनके बिना किसी राज्य का भी काम नहीं चला है। बीते जमानों में इन जातियों ने ही देश को अमीरी प्रदान की। पर इनके आधुनिक नेताओं ने बाजार से राजनीतिक सौदा करके जातियों के मूल्यवान कर्मों को उनसे छीनकर उन्हें पिछड़े वर्ग के बाड़ों में कैद कर दिया है। पहले जो अनीति देश में बाहर से आए फिरंगियों ने इन हुनरमंद जातियों के खिलाफ अपनाई, उसे ही हमारे नेताओं ने आजादी के बाद आगे बढ़ाया है।

समता की राजनीति करने वाले लोग इन असहाय होती जा रही जातियों को सिर्फ अपने वोट बैंक को दिवालिया होने से बचाने के लिए गिनना चाहते हैं। इन राजनीतिक दलों के जातिगणना छल में हुनरमंद जातियों को उनके साधन लौटाने का कोई इरादा नहीं दिखता। हमारे नेताओं को यह समझ कब आएगी कि खाली हाथ बैठे लोग फितूरी होकर हिंसा को अपनाने लगते हैं। काम में लगे हाथों से ही मन में अहिंसा भाव जागता है। जो स्वयंभू सामाजिक संगठन यह कह रहे हैं कि जाति पंडितों ने बनाई, उन्हें तनिक सोचना चाहिए कि पंडिताई के कर्म में दीक्षित होने के कारण पंडितजन स्वयं एक जातिगत पहचान रखते हैं। पूजाकर्म में दक्ष लोग पुजारी कहलाते हैं। जाति तो कर्म आधारित समूहों का नामकरण है। अरे भाई, नेतागिरी करने से ही तो नेता कहलाते हो। यह अलग बात है कि जो नेता देशसेवा के कर्म का दावा करते हैं, उन्होंने अपनी जातिगत पहचान ही खो दी है। जातिगत गणना की मांग करने वाले भांति-भांति के राजनीतिक दलों के कंप्यूटर में सभी आरक्षित और पिछड़ी जातियों का हिसाब-किताब पहले से ही मौजूद है। जिसके आधार पर वे वोट बटोरकर अब तक राज्यसुख भोगते आए हैं। पर वे अभावग्रस्त जातियां, जिस हाल में पड़ी हुई हैं, उसी बेहाली में किसी तरह गुजर-बसर करती रही हैं और ये दल उन्हें वोटरों को अपनी-अपनी बस्तियों में कैद किए रहने के उपाय करते ही रहते हैं। ये उस आरक्षण व्यवस्था पर भी पुनर्विचार नहीं होने देते, जिस पर इन दलों ने अपने वोट बैंक का जाल फैला रखा है। जरूरत तो इस बात की है कि जनगणना का आधार शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी व पारंपरिक हुनरमंदगी हो। तभी अभावग्रस्त जातियां आर्थिक व सामाजिक पिछड़ेपन से निकलकर कर्मकुशलता पर आधारित लोकतंत्र की समृद्धि का सुख भोग सकेंगी। जैसे साधुओं की जात नहीं पूछी जाती, वैसे ही लोकतंत्र में जनता की जात नहीं पूछनी चाहिए। पूछना है, तो उसके कौशल का ज्ञान पूछो।

दरअसल, यह पता लगाने की जरूरत है कि देश के जो पिछड़े जन परंपरागत उत्तराधिकार से जिस कारीगरी और हुनर को आज भी जानते हैं, उसकी गणना करके उसे नूतन स्वरूप देकर देश की समद्धि में किस तरह सहयोगी बनाया जा सकता है। अगर वे अदक्ष हैं, तो उन्हें कैसे कार्यकुशल बनाकर उनके अभाव दूर किए जा सकते हैं। गिनती गरीबों की होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी जाति के हों। राज्य का उद्देश्य सभी पिछड़ गए लोगों की गरीबी दूर करना है। यह काम जाति पूछ लेने से नहीं होगा। वह तो हुनर की वापसी से होगा।

(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)

### सीएम ने समाधान ऑनलाइन में आवेदकों से उनकी समस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा की

# नागरिकों को योजनाओं का बेहतर प्रबंधन कर सुशासन का लाभ दिलाएं : डॉ. यादव

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन है इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों पर भी अमल करें। हर संभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ाए। जिले में चल रही सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके लिए बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए प्रदेश के 14 जिलों के विभिन्न प्रकरण की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रूबरू उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले के एक-एक आवेदकों से मुख्यमंत्री ने रूबरू चर्चा कर उनकी शिकायत के समाधान की स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स सरकार की योजनाओं के डिलीवरी सिस्टम के मजबूती के लिए प्रयास करें।



नागरिकों के काम समय पर हो और उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरत के लिए यहां वहां भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त होने वाली सभी आवेदकों का तय समय सीमा में ही निराकरण किया जाए यदि कोई मसला समाधान ऑनलाइन में आ रहा है तो यह गंभीर है। सुशासन के तहत स्थानीय स्तर पर ही आवेदक को उनकी समस्या का निदान मिल जाए यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी योजनाओं में जिले के प्रदर्शन की ग्रेडिंग कराई गई है। जिला एवं पुलिस प्रशासन के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। ग्रेडिंग में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन न करने वाले जिले अपना प्रदर्शन सुधार लें और नागरिकों को बेहतर प्रशासन एवं व्यवस्थाओं को कस्टमर फ्रेंडली बनाकर उनका विश्वास हासिल करें।

#### किसान नरवाई ना जलाएं इसके लिए उन्हें समझाइश दे

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने अपने जिले में किसानों को जागरूक करें। कलेक्टर्स किसानों को यह समझाएं कि वह किसी भी स्थिति में अपने खेत में पराली या नरवाई या अन्य फसल के अवशेष ना जलाएं। किसानों को नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण फैलने के साथ-साथ खेत की मिट्टी के अवशेष जलने से उसकी उर्वरकता कम होने से जुड़ी भावी नुकसान के बारे में भी बताएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली को जलाना ही कोई हल नहीं है। किसान दूसरे तरीके से भी परली या नरवाई का निदान या निपटारा कर सकते हैं।

#### नर्मदापुरम एवं बैतूल के आवेदकों की समस्याओं के समाधान की स्थिति जानी...

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने समाधान ऑनलाइन में 14 आवेदकों से आमने-सामने चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदा पुरम जिले के आवेदक श्री राहुल यादव से चर्चा की राहुल यादव ने बताया कि उन्होंने अपने गांव शिवपुर में नल जल योजना के काम पूरे होने के बाद भी उन्हें पेयजल प्राप्त न होने की शिकायत की थी लेकिन अब उन्हें पर्याप्त पेयजल की प्राप्ति हो रही है। नर्मदा पुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सिवनी मालवा तहसील के ग्राम शिवपुर में आवेदक राहुल यादव द्वारा पूर्व में पेयजल प्रदाय चालू करने की मांग की जा रही थी। तत संबंध में योजना अंतर्गत सफल नलकूप खनन नहीं होने के कारण योजना को चालू नहीं किया जा सका था। जून 2024 तक चार नलकूप खनन किए जा चुके थे जिनमें पर्याप्त जल आवक क्षमता नहीं मिलने के कारण नल जल योजना चालू नहीं की जा सकी थी। राहुल यादव की शिकायत प्राप्ति के दौरान विभाग द्वारा ग्राम शिवपुर में रजिस्टेविटी सर्वे के माध्यम से स्थल चयन की कार्रवाई की जा रही थी एवं वर्षा काल होने के कारण विभाग द्वारा नलकूप खनन जुलाई माह में नहीं किया जा सका था। आवेदक द्वारा तत्काल नल जल योजना चालू करने की मांग की जा रही थी उस समय विभाग द्वारा करवाई प्रगति रत होने, वर्षा काल होने, सफल नलकूप नहीं होने के कारण 5 अगस्त 2024 को आवेदक की पूर्व शिकायत को मांग में दर्ज कर बंद कर दी गई थी एवं बाद में स्थल चयन के उपरांत सफल नलकूप खनन कर दिया गया था, जिसके माध्यम से आवेदक को अगस्त 2024 से पेयजल प्रदाय आंशिक रूप से चालू कर दिया गया था किंतु आवेदक द्वारा पुनः शिकायत दर्ज कर नियमित रूप से नल जल योजना चालू करने की मांग की जा रही थी। पुनः दर्ज कराई गई शिकायत के उपरांत आवेदक को विभागीय उप यंत्री एवं सहायक यांत्रिक द्वारा वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया एवं वर्तमान में सफल नलकूप खनन कर दिया गया है। जिससे आवेदक राहुल यादव को पेयजल की नियमित रूप से प्राप्ति हो रही है। आवेदक श्री राहुल यादव ने बताया कि उन्हें पेयजल की प्राप्ति हो रही है और वह अब संतुष्ट हैं। बैतूल जिले के आवेदक अनोखी लाल यादव ने सहकारिता विभाग द्वारा जारी उसके केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उसे कठिनाई होने की शिकायत की थी। आवेदक ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में शिकायत की थी। कलेक्टर बैतूल ने मामले में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक द्वारा जमा की गई राशि का संबंधित शाखा प्रबंधक द्वारा गबन कर लिया गया था इसलिए प्रबंधक पर एफआईआर की कार्रवाई की गई है और उससे राशि की वसूली भी की गई है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र में किया स्टार हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सिवनी मालवा शाखा द्वारा स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के सहयोग से एक निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 45 ग्राहकों ने भाग लिया और शुगर, बीपी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांचें कराईं। शिविर में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस की टीम से सतीश यादव क्षेत्रीय प्रबंधक रविन्द्र सिकरवार क्लस्टर मैनेजर द्वारा स्वास्थ्य बीमा के महत्व पर जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों को उचित स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। स्थानीय चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस की टीम से सतीश यादव क्षेत्रीय प्रबंधक एवं रविन्द्र सिकरवार क्लस्टर मैनेजर द्वारा स्वास्थ्य बीमा के महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों को उचित स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई।

स्थानीय चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान शाखा प्रबंधक संतोष शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के संयुक्त प्रयासों का उद्देश्य न केवल ग्राहकों की बेहतर सेवा करना है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य एवं बीमा के प्रति भी जागरूक करना है। ग्राहकों ने बैंक एवं इंश्योरेंस कंपनी की इस पहल की सराहना की।शाखा की श्रीमती चित्रा बामने प्रबंधक ने सभी का आभार माना।

### 5 मई गेहूँ उपार्जन की अंतिम तिथि

**नर्मदापुरम.** रबी विपणन वर्ष 2025 – 26 में जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु 64988 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु कुल 171 गेहूँ उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। उक्त गेहूँ उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जन का कार्य दिनांक शासन के निर्देशानुसार 15 मार्च से 5 मई तक किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि आज दिनांक तक की स्थिति में जिले में कुल पंजीकृत किसानों मे से 41791 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग किये गये है जिनमें से 33844 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र पर अपनी उपज का विक्रय किया जा चुका है उक्त किसानों से 361951 में.टन गेहूँ का उपार्जन किया गया है। नागरिक आपूर्ति निगम स्तर से 336706 में. टन के स्वीकृति पत्रक जारी किये गये है। स्वीकृत मात्रा के विरुद्ध 740.04 करोड़ रुपये का सफल भुगतान जेआईटी के माध्यम से विक्रेता किसानों को किया जा चुका है। शासन द्वारा स्लॉट बुकिंग की अंतिम 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई थी। किन्तु इसके उपरान्त भी यदि ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों में से समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करने हेतु इच्छुक किसान जो स्लॉट बुक नहीं करा सकें है वे 5 मई तक स्लॉट बुकिंग हेतु कलेक्टर कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रखर समाजसेवी शर्मा का माखन नगर में हुआ सम्मान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रखर समाजसेवी बृजेश शर्मा का माखननगर सर्व ब्राह्मण समाज ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया । शर्मा एक प्रखर समाजसेवी और अधिवक्ता हैं वे सभी वर्गों के लिए कार्य करते हैं। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री शर्मा समाज के गरीब तबके के लोगों के न्याय के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं । ऐसे वरिष्ठ अधिवक्ता का माखन नगर में सर्व ब्राह्मण समाज ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष के अलावा सभी पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु भारी संख्या में उपस्थित थे।

### सुपर सीडर तकनीक नरवाई प्रबंधन के लिए असरदार विकल्प

**नर्मदापुरम।** जिले की इटारसी तहसील के ग्राम जमानी के प्रगतिशील किसान हेमंत दुबे ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं समय पर बोवनी की दिशा में अनुकरणीय पहल करते हुए आधुनिक कृषि तकनीक सुपर सीडर मशीन का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। सुपर सीडर एक अत्याधुनिक कृषि यंत्र है जो फसल कटाई के बाद खेत में नरवाई को मिट्टी में मिलाते हुए अगली फसल की बोवनी करने में सक्षम है। दुबे ने बताया कि पहले नरवाई के कारण अगली फसल की समय पर बुवाई संभव नहीं हो पाती थी और खेत तैयार करने में अत्यधिक समय व श्रम लगता था।

### बासौदा विधानसभा क्षेत्र को मिली करोड़ों की सौगात

# पीएम के नेतृत्व में विकास की बयार चहुंओर : चौहान

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने शनिवार को ग्यारसपुर एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वृहद सम्मेलन में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति आशय के पत्र प्रदाय कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सम्पूर्ण विकास की बयार चहूंओर फैल रही है। उन्होंने सर्वांगीण विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति पर विशेष बल देते हुए कहा कि हर गांव विकास केन्द्र बने, ग्रामवासियों की जिंदगी में बदलाव आए, गांव की जरूरतें शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य की पूर्व से बेहतर सुविधाएं सुगमता से मिलें। वहीं किसानों को सिंचाई के संसाधनों में ऐसी वृद्धि हो कि ग्रीष्मकाल में भी सिंचाई कर किसान फसल ले सकें।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएम आवास स्वीकृति के लिए विशेष पहल की गई है। जिसमें पीएम जनमन आवासों को छोड़कर ग्यारसपुर क्षेत्र में निर्मित कराए गए आवासों का जिक्र करते हुए कहा कि हर गांव सड़क से जुड़े इसके लिए पीएम आवास योजना का चतुर्थ चरण सर्वे कार्य जारी है इसका उद्येश्य है कि हर गांव डामरीकृत सड़क से जुड़े। गांव में भी शहरों की तर्ज पर वे तमाम सुविधाएं मिलें। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएम आवास से वंचितों को लाभ मिल सके इसके लिए मापदण्डों में परिवर्तन किया गया है नवीन प्रावधानों के तहत सर्वे कार्य क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे से कोई वंचित ना रहे ताकि विदिशा जिले का एक भी नागरिक आवास की पात्रता रखता हो और इसका लाभ ना ले पाए।

केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश में लाड़ली बहनाओं के जीवन परिवर्तन लाने के लिए किए गए अभिनव प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि हर महिला लखपति दीदी बने इसके लिए



उन्होंने स्व सहायता समूहों के उत्पादों व गठन तथा विक्रय के लिए बाजार की उपलब्धता को रेखांकित किया है। विदिशा जिले में सिंचाई के लिए हर स्तर पर प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जो नवीन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उन पर शीघ्र कार्य किया जाएगा।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने कहा कि विदिशा जिले में 29 मई से कृषि वैज्ञानिकों की चार-चार टीमें पंद्रह दिनों तक भ्रमण करेंगी। एक दिन में तीन जगह रूककर किसानों को नवीन तकनीकियों की जानकारी देकर उनका उपयोग करने की सलाह देगी। वैज्ञानिकों के लिए रूटचार्ट बनाए जाने पर उन्होंने बल देते हुए कहा कि इस टीम में कृषि व ग्रामीण विकास का अमला भी साथ में रहेगा। प्रगतिशील कृषकों के लिए जिले में किए जा रहे प्रबंधों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी में वृद्धि हो इसके लिए कृषि के साथ-साथ अन्य घटकों की ओर भी बढ़ना होगा।

वैज्ञानिक टीम के लिए जिला प्रशासन सहयोग करेगा, वैज्ञानिक सलाह देंगे और किसान भाई बताए गए मार्गो सुझाव पर मेहनत कर जिले की कृषि अर्थव्यवस्था में बढ़ोत्तरी लाने के लिए सफल प्रयास करेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान को रेखांकित करते हुए केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत जल संचय रचनाओं के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेत तालाब योजना नवीन संस्करण के रूप में पुनः संचालित की जा रही है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मप्र में ऐसी ऐसी जनहितेषी योजनाओं को जन्म दिया है जिन्हें अन्य राज्यों ने भी अपनाया है। अनेक योजनाएं तो पूरे देश और विदेशों में भी ख्याति पा रही हैं। जिसमें उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना की विशेषता बतलाई है।

प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि जहां पहले मप्र बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था जिसे अब विकसित प्रदेश के रूप में ख्याति दिन प्रतिदिन मिल रही है। यह सब प्रदेश की जनहितेषी व कल्याणकारी योजनाओं और अधोसंरचनाओं के विकास से संभव हो रहा है। कार्यक्रम को बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने भी संबोधित किया।

**मेट्रो एंकर** केन्द्रीय जेल एवं उप जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए विधिक सहायता एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

# बंदियों के कानूनीअधिकार व निशुल्क विधिक सहायता की विस्तार से जानकारी दी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक को प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार के मार्गदर्शन में एवं न्यायाधीश/सचिव विजय कुमार पाठक के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त तत्वाधान में केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में विधिक सहायता एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक सहायता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत . मुख्य न्यायाधीश म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर, न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन म.प्र. उच्च न्यायालय एवं न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर द्वारा केन्द्रीय जेल जबलपुर से किया गया।

उक्त शुभारंभ कार्यक में समापन उपरांत केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में प्रभारी प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश मनोज कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

उक्त शिविर में उपस्थित बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा बंदियों के कानूनी अधिकार, निःशुल्क विधिक



सहायता, प्ली बारगेनिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण कराये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव श्री पाठक द्वारा यह भी जानकारी दी गई की जेल में निरुद्ध बंदियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय जेल, जेल लीगल एड क्लीनिक, महिला एवं पुरुष बंदियों हेतु तैयार किये गये बैरकों, एवं का निरीक्षण किया गया।

उक्त विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 501 पुरुष बंदियों एवं 57 महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे 03 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक जांच जैसे, बी.पी., शुगर, आंखों की जांच की गई एवं ब्लड सेंपल भी लिये गये। तथा आवश्यकतानुसार बंदियों को दवा वितरित की गई, शिविर में बंदियों के रक्तचाप, शुगर, टी.वी., आदि की जांच की गई। विशेष स्वास्थ्य शिविर में, जिला चिकित्सालय से डॉ. रवीन्द्र गंगराड़े सर्जिकल विशेषज्ञ, डॉ डी.सी. सिंगार नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ अनिल बहुके अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. कार्तिक कुमार अहिरवार मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कु. नाजिया सिद्धकी क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट डॉ. सृजन सिंह सेंगर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. मिलन सोनी दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. भास्कर गुप्ता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शिल्पा राजपूत डी.आर.पी.ई.एन.टी. डॉ. नमिता श्रीवास फार्मासिस्ट डॉ. रिचा पहारिया स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा केन्द्रीय जेल खण्ड अ एवं ब निरुद्ध महिला एवं पुरूष बंदियो व महिला बंदियो के साथ रह रहे बच्चों का स्वास्थय परीक्षण किया गया।

उक्त विधिक सहायता एवं स्वास्थ शिविर में उपस्थित बंदियो को लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ सतीश तिवारी डिप्टी चीफ पंकज तिवारी, असिस्टेंट श्रीमति पूजा अवस्थी द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की गई। साथ ही बंदियो को उनके प्रकरणों से संबधित जानकारियां प्रदान की गई।

उक्त विधिक सहायता एवं स्वास्थ शिविर में प्रभारी प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश मनोज कुमार सीनियर, सचिव विजय कुमार पाठक, अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल अधीक्षक शसंतोष सिंह सोलंकी, उप जेल अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकड़े, सहायक जेल अधीक्षक रितुराज दांगी, जेलर हितेश बंडिया, जेल पैरालीगल वालेंटियर एवं जेल, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम् के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## केन्द्रीय मंत्री चौहान और प्रभारी मंत्री पटेल ने ग्यारसपुर को दी बड़ी सौगात

# करोड़ों के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सम्पूर्ण विकास की बयार चहूंओर - चौहान
- मप्र की जन हितेषी हितग्राही मूलक योजनाओं का अन्य राज्य लागू कर रहे हैं - पटेल





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने शनिवार को ग्यारसपुर एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वृहद सम्मेलन में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति आशय के पत्र प्रदाय कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विकास की बयार चहूंओर फैल रही है। उन्होंने सर्वांगीण विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति पर विशेष बल देते हुए कहा कि हर गांव विकास केन्द्र बने, ग्रामवासियों की जिंदगी में बदलाव आए, गांव की जरूरतें शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य की पूर्व से बेहतर सुविधाएं सुगमता से मिलें। वहीं किसानों को सिंचाई के संसाधनों में ऐसी वृद्धि हो कि ग्रीष्मकाल में भी सिंचाई कर किसान फसल ले सकें।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि पीएम आवास स्वीकृति के लिए विशेष पहल की गई है। जिसमें पीएम जनमन आवासों को छोड़कर ग्यारसपुर क्षेत्र में निर्मित कराए गए आवासों का जिक्र करते हुए कहा कि हर गांव सड़क से जुड़े इसके लिए पीएम आवास योजना का चतुर्थ चरण सर्वे कार्य जारी है इसका उद्येश्य है कि हर गांव डामरीकृत सड़क से जुड़े। गांव में भी शहरों की तर्ज पर वे तमाम सुविधाएं मिलें। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि पीएम आवास से वंचितों को लाभ मिल सके इसके लिए मापदण्डों में परिवर्तन किया गया है नवीन प्रावधानों के तहत सर्वे कार्य 15 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे से कोई वंचित ना रहे ताकि विदिशा जिले का एक भी नागरिक आवास की पात्रता रखता हो और इसका लाभ ना ले पाए।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में लाड़ली बहनाओं के जीवन परिवर्तन लाने के लिए किए गए अभिनव प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि हर महिला लखपति दीदी बने इसके लिए उन्होंने स्व सहायता समूहों के उत्पादों व गठन तथा विक्रय के लिए बाजार की उपलब्धता को रेखांकित किया है। विदिशा जिले में सिंचाई के लिए हर स्तर पर प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जो नवीन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उन पर शीघ्र कार्य किया जाएगा।

### वैज्ञानिक खेतों में पहुंचेंगे

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि विदिशा जिले में 29 मई से कृषि वैज्ञानिकों की चार-चार टीमें पंद्रह दिनों तक भ्रमण करेंगी। एक दिन में तीन जगह रूककर किसानों को नवीन तकनीकियों की जानकारी देकर उनका उपयोग करने की सलाह देगी। वैज्ञानिकों के लिए रूटचार्ट बनाए जाने पर उन्होंने बल देते हुए कहा कि इस टीम में कृषि व ग्रामीण विकास का अमला भी साथ में रहेगा। प्रगतिशील कृषकों के लिए जिले में किए जा रहे प्रबंधों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी में वृद्धि हो इसके लिए कृषि के साथ-साथ अन्य घटकों की ओर भी बढ़ना होगा।

वैज्ञानिक टीम के लिए जिला प्रशासन सहयोग करेगा, वैज्ञानिक सलाह देंगे और किसान भाई बताए गए मार्गो सुझाव पर मेहनत कर जिले की कृषि अर्थव्यवस्था में बढ़ोत्तरी लाने के लिए सफल प्रयास करेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान को रेखांकित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत जल संचय रचनाओं के निर्माण कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेत तालाब योजना नवीन संस्करण के रूप में पुनः संचालित की जा रही है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने मप्र में ऐसी ऐसी जनहितेषी योजनाओं को जन्म दिया है जिन्हें अन्य राज्यों ने भी अपनाया है। अनेक योजनाएं तो पूरे देश और विदेशों में भी ख्याति पा रही हैं। जिसमें उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना की विशेषता बतलाई है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जहां पहले मप्र बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था जिसे अब विकसित प्रदेश के रूप में ख्याति दिन प्रतिदिन मिल रही है। यह सब प्रदेश की जनहितेषी व कल्याणकारी योजनाओं और अधोसंरचनाओं के विकास से संभव हो रहा है।

कार्यक्रम को बासौदा विधायक श्री हरिसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने भी संबोधित किया।

### लोकार्पण/शिलान्यास

केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर ग्यारसपुर में कुल 11.84 करोड़ की राशि के निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास किया। जिन चार निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया गया है उनमें विदिशा विधानसभा क्षेत्र के 30 लाख की लागत से अहमदपुर कस्बा ओढ़ी नदी पर स्टापडेम कम पुलिया निर्माण, 14 लाख की लागत से प्राथमिक शाला भवन पठारी हवेली का निर्माण कार्य और बासौदा विधानसभा क्षेत्र में 1.50 करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत दो ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना कार्य शामिल है।

इसी प्रकार विदिशा विधानसभा क्षेत्र में जिन पांच निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा उनमें 55.55 लाख की लागत से ग्यारसपुर विकासखंड के ग्राम चाठौली और ग्राम बरींघाट में बनने वाले दो उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य, जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 2 करोड़ की लागत से बनने वाले 08 सामूदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल हैं के अलावा बासोदा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 86 लाख की लागत से यूपीजी योजना अंतर्गत एल-057 टी-02 पधार मार्ग लंबाई 2.085 किमी और 5.94 करोड़ की लागत से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बासौदा विधानसभा में 625 खेत तालाब एवं डगवेल रीचार्ज का निर्माण कार्य शामिल हैं।

### हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान और जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1308 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। वहीं विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले 1640 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों द्वारा योजनावार लाभान्वित होने वाले दो-तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभों का मौके पर वितरण किया गया।

## नगर पालिका ने कोटगेट से हटाया अवैध अतिक्रमण





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। शनिवार को पालिका परिषद के अमले ने कोर्ट गेट एरिया में पहुंचकर बरसों से हो रहे अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चलने का कार्य करते हुए सख्ती के साथ अतिक्रमण धारियां पर कार्रवाई की जिसके चलते यहां का नजारा एकदम से बदला गया एक समय यहां से दो पहिया निकालना मुश्किल होता अब यहां से चार पहिया भी आसानी से गुजर जाएंगे दोपहर के बाद नगर पालिका का दल जेसीबी ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर पहुंचा पहले सभी अतिक्रमण करने वालों को सामान हटाने का समय दिया इसके बाद जिन्होंने सामान नहीं हटाया उनके अतिक्रमण पर जेसीबी का पंजा चला नगर पालिका के अमले ने सामान को जप्त करके ट्रैक्टर ट्राली में रखने का काम किया कुछ दुकानदार प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करने भी पहुंचे पर इन्होंने किसी की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया । मुख्य बाजार में जाम की समस्या को दूर करने के लिए यहां

पर बड़े वाहनों की पार्किंग इसके अलावा जितने भी फल सब्जी के ठेले उनको यहीं पर स्थापित करने का काम किया जाएगा अतिक्रमण दल के प्रभारी संजीव यादव और इनकी टीम ने मिलकर अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि कोटगेट ट तथा ढाला बाजार का पूरा अतिक्रमण हटाकर यहां पर ठेले बालों को शिफ्ट करेंगे इसके अलावा चार पहिया वाहन खड़े हों सकेंगे। मुख्य बाजार में मे लगने वाले जाम की समस्या की खबर को हमारे संवाददाता ने प्रमुखता से प्रकाशित उसके बाद धरातल पर काम हो रहा है।

## सूखे कुंए में संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु सलाह

**सिरोंज।** विदिशा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सूखे कुएं में उतरने से कई तरह की दुर्घटनाओं की संभावना से अवगत कराते हुए विभिन्न प्रकार की साँवधानियां बरतने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। बताया गया कि हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसों की उपस्थिति बेहोशी, घुटन और मृत्यु का कारण बन सकती है। सीमित स्थान में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी हो सकती है। कुएँ में उतरने के पहले लालटेन रस्सी से नीचे डालें यदि लालटेन बुझ जाती है तो वहाँ पर ऑक्सीजन की कमी है और वहां जहरीली गैस हैं, कुएँ के अंदर ना उतरे। यदि कोई व्यक्ति सूखे कुएं में दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो बचाव की स्थिति में तत्काल निम्नलिखित कदम उठाए जाने चाहिए। अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें, बिना उचित प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरणों के कुएं में उतरने का प्रयास न करें। इससे आप भी खतरे में पड़ सकते हैं। तत्काल मदद के लिए कॉल करें। तुरंत आपातकालीन सेवाओं (जैसे पुलिस, अग्निशमन दल, बचाव दल) को सूचित करें। उन्हें दुर्घटना का स्थान और स्थिति की जानकारी दें। कुएं के आसपास के क्षेत्र को खाली कराएं ताकि अन्य लोग खतरे में न पड़ें। स्थिति का आकलन करें। यदि संभव हो, तो दूर से या सुरक्षित दूरी से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की स्थिति का आकलन करें (चेतना, सांस लेना, चोटें)। आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने पर, उनके साथ मिलकर एक सुरक्षित और प्रभावी बचाव योजना तैयार करें।

## मकान में लगी आग, भैंस की मौत गृहस्थी का समान जलकर राख



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को ग्राम देहरी में रहने वाले काले खान और रहमानी के मकान में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण एक भैंस की आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गई पड़े की हालत गंभीर बताई जा रही है वहां भी पूरी तरह से झुलस गया है।जैसे ही आग लगी जानकारी गमीणो को लगी तो वहां उसको बुझाने के लिए जुट गए डेढ़ घंटे के बाद फायर गाड़ी पहुंची तब तक आग ने अपना काम कर दिया घर रखा हुआ भूसा और सामग्री जलकर नष्ट हो गई । सामग्री और मवेशियों को बचाने के लिए मकान मालिकों के साथ आसपास के पड़ोसियों ने भी भूमिका निभाई पर वह इनको नहीं बचा नहीं पाए। इनके प्रयास से आग फैलने से रुक गई नहीं तो बड़ी घटना यहां हो जाती आग का तांडव देखने भूसा हो होने के कारण तेजी से फैल रही थी। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाया दूसरी ओर पीड़ित में पथरिया थाने में आगजनी की रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है ।प्रशासन से नुकसान की भरपाई के लिए राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की है । पुलिस आग किन कारणों से लगी उसका पता पाएगी।

## मौसम बदला, धूल भारी आंधी व बारिश गिरे पेड़, बैनर-पोस्टर उड़े

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मई के महीने में ही बरसात जैसे हालात बन रहे हैं आंधी के कारण कई सभी को मुश्किलों का सामना करना बिजली गुल होने से सबसे अधिक परेशानी हुई पानी को भी लोग उठानी पड़ी शनिवार को दोपहर के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली देखते ही देखते आसमान पर काले बादलों में डेरा जमा लिया तींन बजे के करीब तेज हवाओं के साथ आंधी चलने से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया सड़कों पर धूल के गुब्बारे ही गुब्बारे नज़र आ रहे थे। जिनके कारण आसपास का भी नजर नहीं आ रहा था इनसे बचने के लिए वाहन चालकों को भी कुछ नजर नहीं आ रहा था वाहनों के पहिए कुछ समय के लिए थम गए इसके चलते सड़कों पर सन्नाटा छा गया आंधी का असर इतना तेज था कि 33 केवी लाइन पर पेड़ों की डालियां गिरने से बिजली सप्लाई शहर की 4 घंटे तक बाधित रही नगर में ही तीन स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ों की डाली गिर बड़े



ट्रॉली पर गिरा पेड़



फाइट हो गए ओर लिंक रोड पर मरघटों वाले मार्ग पर तेज हवा के साथ भरवारा के यूके लिपस्टिक का पेड़ यहां से गुजर रहे ट्रॉली पर गिर गया गनीमत रही की ट्रैक्टर के ऊपर नहीं गिर नहीं तो बड़ी जन हानि भी हो सकती थी इसके अलावा उस समय इस रस्ते से कोई नहीं गुजर रहा था एक तो और भी बड़ी छाती हो सकती थी भैरव पठार फीडर पर पेड़ की ढाल गिर गई यहां भी फाइट हो गया इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानों में बिजली की लाइनों प्रभावित हो गई इनको ठीक करने में बिजली वितरण कंपनी का अमला जुट रहा हवा का प्रकोप इतना भयंकर था कि जिसको देखकर वाहन चालकों ने अपने वाहनों यही खड़े करना उचित समझा बैनर पोस्टर टीन सेट ताश के पत्तों भांति उड़ते हुए नजर आ रहे थे। शाम के समय हवा बंद होने पर हल्की बारिश भी हुई उसके बाद मौसम में ठंडा गुल गई एकदम से मौसम परिवर्तन होने से मौसम सुहाना हो गया गर्मी से राहत मिल गई इसका लोगों ने आनंद भी लिया भी दूसरी ओर हवा चलते कई दुकानदारों तथा गरीबों का नुकसान भी हो गया हवा रुकने के बाद उड़े हुए सामान को ढूंढने में यह लग रहे उसका मिला कुछ का तो पता ही नहीं चला। वहीं चलते की बजह से 4 घंटे तक मुख्य लाइन की सप्लाई बंद रहने से नगर वासियों को परेशानियां का सामना करना पड बिजली नहीं होने से पानी की सप्लाई प्रभावित गई व्यापारियों का व्यापार भी ठप्प रहा । शनिवार सुबह से ही बदलो की लुका छुपी का दौर चलता रहा इस कारण उमस से लोगों को बेचैनी का सामना भी करना पड़ा, तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने से गर्मी से निजात मिली आंधी का असर इतना ज्यादा था कि आसपास कुछ दिखाई नहीं दे रहा था वाहन भी डोल रहे थे।

### बिजली गुल

आंधी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सप्लाई अभी बुरी तरह से प्रभावित हो गई कुछ ग्रामों में रात भर अंधेरा छाया रहा इनके फईटो को ठीक करने के लिए बिजली वितरण कंपनी के लाइनमेन ही पहुंचे कुछ ग्रामों में बिजली सप्लाई चालू कर दी कई । बिजली वितरण कंपनी की व्यवस्थाओं की पोल भी खुल गई। बिन मौसम में इतने हालत खराब है जब मानसून आएगा तब हालत ज्यादा खराब होंगे उस समय क्या होंगे उसका अंदाज़ भी लगाया जा सकता है। बिजली वितरण कंपनी के द्वारा अपनी तैयारियां प्रारंभ करनी चहिए जबकि हर सप्ताह लाइनों में मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए की राशि भी खर्च हो रही है । इसके बाद भी हालत ठीक नहीं हो रहे हैं उपभोक्ताओं को बिजली ग़ायब होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

**मेट्रो एंकर** पहलगाम आतंकी हमले की निंदा कर जताया शोक कहा

# सरकार आतंकवादियों को उनकी ही शैली में मुंहतोड़ जवाब दे

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को सीमा पार से भेजे गए आतंकवादियों द्वारा भीषण नरसंहार किया गया। जिसमें 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिल दहला देने वाली घटना थी, जिसकी चहुंओर निंदा हो रही है लोगों का कहना है अब समय आ गया है कि भारत को पूर्ण हिंदू राष्ट्र घोषित कर पाकिस्तान के दहशतगर्दों को उनकी ही शैली में सबक सिखाते हुए पाकिस्तान को नेस्तनाबूत कर देना ही भारत के लिए एकमात्र रास्ता है।



रजक समाज के अध्यक्ष पंडा भागीरथ रजक ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम घाटी में आतंकियों द्वारा किया गया कार्यरतापूर्ण हमला बहुत ही दुखद है ऐसी आतंकवादी घटना को अंजाम देने वालों पर सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करे और आतंकवादियों का खात्मा हो

**-भागीरथ रजक** तेन्दूखेड़ा



समाजसेवी पंडित कपिल गोटियां ने बताया कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के ऊपर आतंकियों के द्वारा किया गया हमला बहुत ही दुखद है सरकार को घटना की कड़ी निंदा करने के बजाय कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए

**-कपिल गोटियां** समाजसेवी तेन्दूखेड़ा



समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त एसडीओ बीएल साहू कहते हैं पर्यटकों पर किया गया कायराना हमला देश के ऊपर एक बहुत बड़ा धब्बा है निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई है सरकार जल्द आतंकवादियों एवं उनका संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई करे और आतंकवादियों का पूरी तरह से खात्मा होना चाहिए

**-बीएल साहू सेवानिवृत्त** एसडीओ एवं समाजसेवी



युवा नेता राहुल लोधी ढाकुर ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार को करके आतंकवादियों को कड़ा संदेश देना चाहिए आतंकवादियों को खुलेआम चौराहों पर सजा दी जानी चाहिए

**-राहुल लोधी ढाकुर** तेन्दूखेड़ा



पंडित रमेश तिवारी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किया गया हमला जिसमें 27 लोगों की जान गई और कई लोग घायल हुए। आतंकवादियों से सख्ती से निपटा जाए, उक्त घटना अत्यंत निंदनीय है

**-पंडित रमेश तिवारी** तेन्दूखेड़ा



नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन कहते हैं पहलगाम में पर्यटन की हत्या करने वाले आतंकवादियों को खुलेआम सजा देनी चाहिए सरकार भारतीय सेना को आतंकवादियों एवं आतंकवादियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए खुली छूट देनी चाहिए

**-सतेन्द्र जैन** तेन्दूखेड़ा



आकाश साहू ने कहा कि आतंकी घटना को अंजाम देने वालों पर सरकार इतनी सख्त कार्रवाई करे कि उसकी चर्चा पूरे विश्व में हो समूचे जम्मू कश्मीर को सेना के हवाले कर देना चाहिए

**-आकाश साहू** तेन्दूखेड़ा



मनीष मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बरती गई क्रूरता पर कहा है कि सरकार आतंकवाद पर मुंहतोड़ जवाब दे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह घटना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला कायरतापूर्ण और शर्मनाक है, इसका उन्हें वाजिब जवाब मिलेगा।

**-मनीष मोदी** तेन्दूखेड़ा

### सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ से बाहर

# इन पांच खिलाड़ियों पर पैसा फूंक कर की गलती पत्ता कटना लगभग तय

**कोलंबो , एजेंसी**

आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 मुकाबलों से सिर्फ 3 जीते हैं और 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है, जिसके चलते ये टीम प्लेऑफ की रेस से अब बाहर हो चुकी है। हैदराबाद के ऐसे हाल के लिए उसी की टीम के कुछ खिलाड़ी जिम्मेदार हैं। इन खिलाड़ियों पर सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन ने जमकर पैसा उड़ाया था, लेकिन वो कुछ खास नहीं कर पाए।

## ईशान किशन का बल्ला नहीं चला बल्ला



ईशान किशन का बल्ला आईपीएल 2025 में कतई नहीं चला। ईशान ने इस सीजन के अपने पहले ही मैच में शतक जड़ा था। लेकिन उसके बाद से उन्होंने एक भी अच्छी पारी नहीं खेली। उन्होंने बाकी के 9 मैचों में सिर्फ 90 रन बनाए हैं। हैदराबाद ने ईशान को 11.25 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था।

## मोहम्मद शमी की गेंदबाजी खूब पिटी



हैदराबाद की टीम ने मोहम्मद शमी को इस उम्मीद से अपनी टीम में शामिल किया था कि वो जमकर विकेट दिलाएंगे और मैच जिताएंगे, लेकिन उन्हें पूरे सीजन खूब मार पड़ी है। 9 मैचों में शमी सिर्फ 6 विकेट ले पाए हैं और उनका इकॉनमी 11 से ज्यादा का रहा है। ऐसे में उन्हें अगले सीजन सनराइजर्स ड्रॉप कर सकती है।

## एडम जैम्पा को करना होगा ड्रॉप




सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने एडम जैम्पा 2.40 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। जैम्पा ने हालांकि आईपीएल के इस सीजन में सिर्फ 2 ही मैच खेले हैं और इस दौरान वो सिर्फ 2 ही विकेट ले पाए। बाद में उन्हें चोट के चलते आईपीएल से बाहर होना पड़ा। हैदराबाद की टीम में जीशान अंसारी जैसा लेग स्पिनर है।

## नितीश कुमार रेड्डी पर लटकी तलवार



सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी पर बहुत भरोसा जताया था। उन्हें टीम ने रिटेन किया था। हालांकि उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 10 मैच में इस खिलाड़ी ने सिर्फ 120 के स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। वहीं उन्होंने इस सीजन एक भी मैच में बॉलिंग नहीं की है।

## अभिनव मनोहर भी नहीं चले



सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने अभिनव मनोहर को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 3.2 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। आईपीएल 2025 में उन्होंने 12 की एवरेज से सिर्फ 49 रन बनाए हैं। वहीं अब उन्हें ज्यादा टीम में मौका नहीं मिल पाया है।

# आयुष म्हात्रे ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, आईपीएल में अर्धशतक लगाने वाले तीसरे युवा बल्लेबाज बने

**बंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन किया और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह आईपीएल में अर्धशतक लगाने वाले तीसरे युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया। युवा बल्लेबाज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 94 रनों की बनाकर आउट हुए। हालांकि, छह रन से वह शतक से चूक गए। इससे पहले उन्होंने 25 गेंदों में मौजूदा सत्र का पहला अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ वह आईपीएल में अर्धशतक जड़ने वाले तीसरे युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 17 साल 291 दिन की उम्र में पचासा जड़ा।



# डी ब्रुइन ने दिलाई मैनचेस्टर सिटी को महत्वपूर्ण जीत

**मैनचेस्टर , एजेंसी**

केविन डी ब्रुइन के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स पर 1-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। बेल्जियम के रहने वाले डी ब्रुइन इस सत्र के आखिर में मैनचेस्टर सिटी को छोड़ देंगे लेकिन उन्होंने लीग के पिछले छह मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीम के खिलाफ 35वें मिनट में गोल करके साबित कर दिया कि वह अब भी टीम के लिए काफी मायने रखते हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 35 मैच में 64 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस तरह से वह चैंपियंस लीग में जगह बनाने का प्रबल दावेदार बन गया है। मैनचेस्टर सिटी अब दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल से तीन अंक पीछे है जिसके 34 मैच में 67 अंक हैं। लिवरपूल पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर चुका है। उसके 34 मैच में 82 अंक हैं।

### आईपीएल में आज डबल हैडर : प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखना चाहेगी नाइट राइडर्स

# केकेआर का समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगा राजस्थान रॉयल्स

**कोलकाता , एजेंसी**




गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग चरण के अब चार मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा।

कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है। केकेआर को इन चार मैच में से दो मैच घरेलू मैदान पर खेलने हैं। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के बाद बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। इसके अलावा उसे 10 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 मई) के खिलाफ उनके मैदान पर मैच खेलने हैं।

## उत्साह खो चुकी है राजस्थान रॉयल्स


राजस्थान रायल्स की टीम अपना उत्साह को चुकी है लेकिन बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है और ऐसे में कोलकाता का अंतिम मुकाबला बेहद रोचक होने की संभावना है। लेकिन यह अभी बाद की बात है और केकेआर को अभी अपना ध्यान घरेलू मैदान पर होने वाले दो मैच पर केंद्रित करना होगा। राजस्थान और चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं और ऐसे में वे बिना किसी खास दबाव के मैदान पर उतरेंगी जिससे निपटना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा। केकेआर की बड़ी चिता घरेलू मैदान पर उनका खराब प्रदर्शन है। ईडन गार्डन्स कभी उनका गढ़ हुआ करता था, लेकिन इस बार उसने अभी तक पांच मैचों में से केवल एक जीत हासिल की है जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला था।

## टीम इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, यशस्वी जयसवाल, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), कुणाल सिंह राठौड़, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा और जोफ्रा आर्चर।

# पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में पंत की फॉर्म पर रहेगी नजर




**धर्मशाला, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की बल्ले से खराब फॉर्म और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार लय के कारण इन दोनों टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच को रोचक बन गया है। पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस प्रतियोगिता में चार अर्धशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरी ओर पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है। इस बीच वह छह पारियों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। उनके इस खराब प्रदर्शन का असर टीम पर पड़ रहा है जो वर्तमान में 10 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिलीज़ कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद कर कप्तान नियुक्त किया था और वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतर रहे हैं।



## रूड और ड्रेपर मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** कैस्पर रूड ने दर्द निवारक दवाइयों की मदद से पसली की चोट पर काबू पाकर फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में हराया और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। रूड ने मैच के दौरान तीन बार अपनी पसली का इलाज करवाया और काजा मैगिका सेंटर कोर्ट पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। नॉर्वे के 15वीं रैंकिंग के खिलाड़ी रूड ने अर्जेंटीना के 21वीं रैंकिंग के खिलाड़ी सेरुंडोलो के खिलाफ 18 में से 15 ब्रेक प्वाइंट बचाए। फाइनल में रूड का सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (4) से हराकर साल के तीसरे फाइनल में जगह बनाई।

## अफ्रीकी बॉलर का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से निलंबन रबाडा ने खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अनंतिम निलंबित कर दिया गया है। उन पर यह कार्रवाई प्रतिबंधित ड्रग लेने के कारण हुई, जिसके परीक्षण में वह पॉजिटिव पाए गए। इसकी जानकारी शनिवार को स्टार खिलाड़ी ने खुद दी। रबाडा कुछ दिनों पहले निजी कारणों का हवाला देकर स्वदेश लौट गए थे और तब से अब तक गुजरात टाइटंस से नहीं जुड़ सके हैं। तेज गेंदबाज ने मौजूदा सत्र में गुजरात के लिए पहले दो मैच खेले।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### अश्लील कंटेंट के चलते विवादों में शो 'हाउस अरेस्ट'

# होस्ट एजाज को गहना ने किया सपोर्ट बोलीं- ओटीटी के लिए सेंसरशिप हो



एक्टर और बिग बॉस फेम एजाज खान का शो हाउस अरेस्ट अश्लील कंटेंट के चलते विवादों में है। बढ़ते विवाद के बाद शो के सभी एपिसोड्स को उल्लू ऐप से भी हटा दिया गया है। साथ ही एजाज और शो से जुड़े लोगों के खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला भी दर्ज हो चुका है। अब इस पूरे विवाद पर शो में शामिल एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ ने रिएक्ट किया है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एजाज खान के शो हाउस अरेस्ट के कुछ अश्लील क्लिप वायरल हुए थे, जिसमें एजाज लड़कियों से कैमरे पर कपड़े उतारने को कहते दिखे थे। शो में इंटीमेट पोजिशन्स को लेकर भी टास्क दिए जा रहे थे। वायरल वीडियो के बाद शो विवादों में घिर चुका है। सोशल मीडिया पर एजाज खान को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। मगर हाउस अरेस्ट की वायरल क्लिप में नजर आईं फेमस एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ ने शो का बचाव किया है। इंटरव्यू में एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ ने पूरे विवाद पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि चुनिंदा शो को टारगेट करने के बजाय, ओटीटी शो के लिए सेंसर बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए , जो कंटेंट पर फैसला ले सके। बोल्ड फिल्मों के लिए मशहूर गहना वशिष्ठ शो को लेकर चल रहे विवाद पर बोलीं- वेब सीरीज 18 साल से ऊपर के लोगों के लिए कंटेंट दिखा रही हैं। सच्चाई यह है कि ऐसा कंटेंट बनाया जा रहा है, जो बिक रहा है। अगर लोग देखना बंद कर देंगे, तो ऐसा कंटेंट बनेगा ही नहीं। एक्ट्रेस से आगे पूछा गया कि क्या शो की पब्लिसिटी के लिए बोल्ड सीक्वेंस शूट किए गए थे? इसपर एक्ट्रेस ने कहा- कोई भी प्रोड्यूसर या मेकर अपने शो को कंट्रोवर्सी में लाना नहीं चाहता, क्योंकि पब्लिसिटी स्टंट कभी-कभी उल्टे भी पड़ जाते हैं।

## गहना ने किया एजाज का बचाव

गहना वशिष्ठ शो के होस्ट एजाज खान का भी बचाव करती नजर आईं। उन्होंने कहा- एजाज खान को टारगेट किया जा रहा है। एजाज एग्रेसिव दिखते हैं, लेकिन वो हैं नहीं। कंटेस्टेंट्स पर किसी भी अलग तरीके से परफॉर्म करने का कोई दबाव नहीं था। अगर कोई दूसरा एक्टर शो का होस्ट होता तो उसे निशाना नहीं बनाया जाता। ओटीटी सेंसरशिप पर भी गहना ने खुलकर अपनी राय सामने रखी। एक्ट्रेस बोलीं- शो में हम पोजिशन्स (इंटीमेसी) के बारे में बात कर रहे हैं, ऐसे पोजिशन्स को परफॉर्म नहीं कर रहे हैं, कई फिल्मों में ऐसा किया भी गया है। क्या स्कूल में सेक्स एजुकेशन के तौर पर इन चीजों के बारे में बात की जा सकती है, लेकिन वेब सीरीज में नहीं?

### अवनीत कौर विवाद के बीच कोहली दिखे मायूस


# लोगों ने कहा- ट्रोल्स ने एक मजबूत इंसान को तोड़ दिया



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की रोमांचक जीत ने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। दो रनों से मिली इस जीत ने आरसीबी के प्रशंसकों को जश्न का मौका दिया, लेकिन इस जीत की चमक उस वक्त फीकी पड़ गई जब सभी की नजरें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर गईं। हमेशा जोश और उत्साह से भरे रहने वाले कोहली इस बार मैदान से चुपचाप लौटे और डगआउट में अकेले बैठे नजर आए। उनकी यह उदासी और मैच के बाद सेलिब्रेशन में गैरमौजूदगी ने प्रशंसकों को चिंता में डाल दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस उदासी के पीछे की वजह एक सोशल मीडिया विवाद हो सकता है, जिसमें अभिनेत्री अवनीत कौर का नाम भी जुड़ा है। आरसीबी और सीएसके के बीच यह मुकाबला इस सीजन का सबसे रोमांचक मैच रहा। आखिरी गेंद तक चले इस मैच में आरसीबी की टीम ने रोमांचक जीत हासिल की, लेकिन जीत के बाद मैदान पर कोहली का वह जोश और उत्साह गायब था, जो उनकी पहचान है। कैमरों ने उन्हें चुपचाप मैदान से बाहर जाते हुए कैद किया। बाद में, वह टीम के बॉक्स में अकेले बैठे दिखे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की चिंता बढ़ गई। एक फैन ने लिखा, विराट, आपको क्या हुआ?

# बेंगलुरु कॉन्सर्ट विवाद पर सोनू निगम ने तोड़ी चुप्पी, वीडियो जारी कर दी सफाई

बॉलीवुड के मशहूर गायक सोनू निगम अपने हालिया बेंगलुरु कॉन्सर्ट को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में बेंगलुरु के ईस्ट पॉइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में हुए इस कॉन्सर्ट में एक युवक ने बार-बार कन्नड़ गाना गाने की मांग की थी। सोनू ने इस मांग को धमकी भरा बताते हुए न केवल इसका विरोध किया था, बल्कि पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करके एक ऐसा बयान दे दिया था, जिसने कन्नड़ समुदाय को नाराज कर दिया। प्रो-कन्नड़ संगठनों ने इसे उनकी भाषा और संस्कृति का अपमान करार देते हुए उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अब सोनू ने इस मामले पर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि उनका इरादा पूरे कन्नड़ समुदाय को ठेस पहुंचाने का नहीं था।



**कॉन्सर्ट को लेकर है विवाद-** बेंगलुरु में आयोजित इस कॉन्सर्ट के दौरान सोनू निगम अपनी परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी एक युवक ने जोर-जोर से कन्नड़-कन्नड़ चिल्लाते हुए कन्नड़ गाना गाने की मांग की। सोनू ने इस मांग को असम्मानजनक और धमकी भरा बताया। उन्होंने कॉन्सर्ट रोककर दर्शकों से कहा, मैंने अपने करियर में कई भाषाओं में गाने गाए हैं, लेकिन मेरे सबसे बेहतरीन गाने कन्नड़ में हैं। मैं कर्नाटक में हमेशा प्यार और सम्मान के साथ आता हूं। आपने मुझे अपने परिवार की तरह प्यार दिया है, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं आया कि एक लड़का, जिसकी उम्र मेरे करियर से भी कम है, मुझे धमकाते हुए कन्नड़ गाना गाने को कह रहा है। इसी दौरान सोनू ने विवादास्पद बयान भी दे डाला। उन्होंने कहा, यही कारण है कि पहलगाम में जो हुआ, वैसा होता है। पहले यह देखो कि तुम्हारे सामने कौन खड़ा है। मैं कन्नड भाषी लोगों से बहुत प्यार करता हूं।

## कन्नड़ समुदाय ने जाहिर की नाराजगी

सोनू का यह बयान देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद कन्नड़ समुदाय में आक्रोश फैल गया। कर्नाटक रक्षण वेदिके (केआरवी) के बेंगलुरु जिला अध्यक्ष धर्मराज ए ने अवलहल्ली पुलिस स्टेशन में सोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज की। शिकायत में कहा गया, ÷सोनू निगम का बयान न केवल असंवेदनशील है, बल्कि खतरनाक भी है। एक साधारण सांस्कृतिक मांग को आतंकी घटना से जोड़कर उन्होंने कन्नड़ भाषी लोगों को असहिष्णु और हिंसक दिखाया, जो उनकी शांतिप्रिय प्रकृति के खिलाफ है।

### निशातपुरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा, खुद को बताया स्विगी का डिलेवरी ब्वाय

# घर में कंप्यूटर और प्रिंटर लेकर छाप रहा था 50 और 100 के नकली नोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**निशातपुरा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 13 हजार 400 रुपए के नकली नोट बरामद किए है। आरोपी अपने घर में कंप्यूटर पर 50 और 100 रुपए के नकली नोट प्रिंट कर बाजार में चला रहा था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी स्विगी की डिलीवरी ब्वॉय बनकर मार्केट में नकली नोट चला रहा था, ताकि उस पर कोई संदेह न कर सकें। आरोपी से चोरी के दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए है।**

डीसीपी जोन-4 जितेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड चौराहा पर वाहन चेकिंग चल रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन चालक की गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा था। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसकी स्कूटी की डिग्गी से भारतीय मुद्रा के 100 रुपए के कुछ नोट पड़े मिले। परीक्षण करने पर नोट नकली जैसे लगे। पुलिस ने असली नोटों से मिलान किया तो डिग्गी में मिले नोट मैच नहीं हुए। संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसकी जेब से 100-100 रुपए के नोटों की गड्डी रखी मिली। गड्डी देखने पर पता चला कि सभी नोट नकली है। उनके सीरियल नंबर का मिलान करने पर सभी नोटों के सीरियल नंबर एक जैसे मिले। पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम जाकिर खान (42) निवासी इन्द्र विहार कॉलोनी थाना कोहेफिजा, होना बताया।



#### घर से बरामद हुए नकली नोट व प्रिंटर

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह घर में अपने कम्प्यूटर पर नकली नोट बनाता है और कुछ नकली नोट घर पर भी रखे हुए हैं। लिहाजा पुलिस शनिवार सुबह उसके घर लेकर तलाशी लेने पहुंची। घर की तलाशी लेने पर नकली नोट प्रिंट करने का प्रिंटर, 100-100 रुपए के नोटों की गड्डी, जिसमें कुल 55 नोट मिले। सभी नोटों के सीरियल नंबर एक जैसे थे। आरोपी के कब्जे सादा कागज के दोनों ओर 100 व 50 रुपए के नोट के 2-2 नोट प्रिंट किए हुए 50 कागज मिले। इन सभी का सीरियल नंबर एक जैसा है। मौके से पुलिस को नकली नोट प्रिंट करने की अन्य सामग्री भी मिली। पुलिस ने विधिवत रूप से सभी सामान जब्त कर आरोपी जाकिर खान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 179, 180, 181 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

#### छोटे नोट ही प्रिंट कर रहा था

पुलिस ने बताया कि आरोपी जाकिर खान करीब छह माह से नकली नोट प्रिंट कर रहा था। वह सिर्फ 50 और 100 रुपए के नोट ही बना रहा था। उसका कहना है कि छोटे नोट मार्केट में आसानी से चल जाते हैं। किसी को संदेह नहीं होता। अब तक वह करीब 40 हजार रुपए के नकली नोट मार्केट में चला चुका है। आरोपी से नकली नोट प्रिंट करने व अन्य संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने के संबंध में पूछताछ की तो उसने दो वाहन चोरी करना भी स्वीकारा है। पुलिस ने चोरी के वाहन भी जब्त कर लिए हैं।

### सुसाइड नोट में खुद को ठहराया आत्महत्या के लिए जिम्मेदार

# सीआरपीएफ के रिटायर्ड एसआई की बेटी ने लगाई फांसी, पढ़ाई में थी होनहार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित रिषीपुरम कॉलोनी में शुक्रवार रात सीआरपीएफ से रिटायर्ड एसआई की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट और परिजन से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि वह पढ़ाई में होनहार थी। उसकी सभी सहेलियों की अच्छी जगह जॉब लग गई, लेकिन उसकी जॉब नहीं लग रही थी। इसी बात को लेकर वह तनाव में थी।

पुलिस के अनुसार सुनीता पिता रामसजीवन (32) अब्बास नगर रोड, रिषी कॉलोनी में रहती थी। उसके पिता राम सजीवन सीआरपीएफ से रिटायर्ड एसआई है। राम सजीवन के चार बच्चों में सुनीता मझली थी, जबकि उसकी दो बहन और एक छोटा भाई है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे उसने अपने कमरे में प्लाजो (पैजामा) से पंखे पर फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुनीता का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है।



#### सुसाइड नोट में परिजन से मांगी माफी

सुनीता दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर चुकी थी। परिजन ने बताया कि उसकी सभी सहेलियों की अच्छी जगह जॉब लग चुकी थी, लेकिन सुनीता बेरोजगार थी। उसने सुसाइड नोट में सभी को धन्यवाद लिखा है। इसके अलावा मां-पिता के लिए भी लिखा है कि आपने मुझे अच्छे पढ़ाया लिखाया। सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि हाई एजुकेशन होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिलने से वह दुखी थी।

### आरोपी ने नाबालिग को साथ चलने को कहा था

# दसवीं कक्षा की छात्रा के न्यूड फोटो मां को भेजे, छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट और उसकी न्यूड फोटो मां को भेजने का मामला सामने आया है। दरअसल, आरोपी ने नाबालिग को साथ चलने का कहा था। नाबालिग ने उसे मना कर दिया। इससे आरोपी भड़क गया और उसे तमाचा मार दिया। इतना ही नहीं उसने बुरी नियत से छेड़छाड़ करते हुए नाबालिग की मां को न्यूड फोटो भेज दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 15 साल की नाबालिग थाना क्षेत्र में रहती हैं और दसवीं कक्षा में पढ़ती है। वह अमन यादव नामक युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। अमन और नाबालिग में दोस्ती थी। मां को इस बात की जानकारी मिली तो मां ने अमन यादव और नाबालिग को समझाइश दी थी। इसके बाद मां ने नाबालिग से मोबाइल ले लिया। आरोपी अमन ने नाबालिग को बात करने दूसरा मोबाइल दे दिया। उसने नाबालिग से कहा था कि अपनी न्यूड फोटो भेज दो। नाबालिग ने उसे फोटो भेज दी।



#### मैसेज में लिखी थी यह बात

गत 29 अप्रैल को आरोपी ने नाबालिग की न्यूड फोटो उसकी मां के मोबाइल नंबर पर भेज दी। साथ ही उसने मैसेज में लिखा कि तुम्हारी बेटी अपने दोस्तों को अपनी न्यूड फोटो भेज रही है। मां ने बेटी से पूछताछ की और वह उसे लेकर थाने पहुंची। थाने में उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए आरोपी को समझाइश देने की बात कही। पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग कराई तो उसने आपबीती बताई। उसने बताया कि अमन ने उसे मिलने बुलाया था और वहां बुरी नियत से छेड़छाड़ करते हुए साथ चलने की बात कही। वह उसके साथ जाना नहीं चाहती थी। इस पर उसने उसे तमाचा मार दिया। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एक साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच ने जहांगीराबाद के अपराध में एक साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपए का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में 22 अपराध पहले से दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि किशोर न्याय बोर्ड से जारी स्थाई वारंटी और जहांगीराबाद के अपराध में पिछले एक साल से फरार चल रहा पांच हजार का इनामी आरोपी बल्ली उर्फ मुजाहिद खान (25) इन दिनों आलम नगर पिपलानी में रह रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके ठिकाने से दबोच लिया। आरोपी बाग फरहत अफ्जा का रहने वाला है, जो पिछले कुछ समय से आलम नगर में रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था।

### लव जिहादः नाराजगी का इजहार




लव जेहाद के मामले सामने आने पर इसके खिलाफ महिला संगठनों का आक्रोश जारी है। चित्र रैली में आक्रोश जताती छात्राओं व महिलाओं का।

### मंगलवारा संगम टॉकीज तिराहा पर शनिवार सुबह बदमाशों ने की वारदात

# ऑटो में सफर कर रही टीचर का बाइक सवार बदमाशों ने झपटा पर्स, थे जेवरात और नगदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित संगम टॉकीज तिराहा पर शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने आटो में सफर कर रही निजी स्कूल की टीचर का पर्स झपट लिया। उन्होंने शोर मचाया और आटो चालक ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन तेज रफ्तार में बाइक सवार बदमाश भाग निकले। पर्स में आठ मोती लगा सोने का पैंडल, चांदी की चार बिछिया और मोबाइल समेत 800 रुपए की नगदी थी। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अभिलाषा प्रताप पति संजय प्रताप (42) गढ़ाशाही नाका, थाना संजीवनी नगर जबलपुर की रहने वाली है। वे प्रायवेट स्कूल में टीचर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह इंदौर गई थी। शादी का कार्यक्रम निपटाने के बाद वह ट्रेन से शनिवार सुबह भोपाल पहुंची। उनके साथ उनकी बहन सुनीता रावत और भतीजा शनि रावत और उसकी पत्नी थी। सभी लोग सुबह पांच बजे भोपाल स्टेशन से उतरे और भाई संजय रावत के घर चौकी तलैया जाने के लिए आटो से निकले। अभिलाषा आटो में गेट के पास बैठी थी।



#### पर्स में था सोने का पेंडल

आटो संगम तिराहा तक पहुंचा था कि पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों में पीछे बैठे युवक ने उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया। बैग में एक सोने का पेंडल वाला मंगलसूत्र था, जिसमें 8 सोने के मोती लगे थे। करीब आधा तोला का रहा होगा। इसके अलावा एक मोबाइल फोन चाँदी की चार बिछिया और 800 रुपए की नगदी थी।

### संचालक समेत 13 गिरफ्तार

# जहांगीराबाद पुलिस लाइन के सामने चल रहे अवैध अहाता पर कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद पुलिस ने तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के बाजू से अवैध रूप से संचालित हो रहे अहाता और रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें अहाता संचालक समेत 11 लोग शराब पीने वाले भी शामिल हैं। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार विगत तीन मई को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के बाजू में अवैध रूप से अहाता संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और अहाता संचालक आशू वाजपेयी व अहाता रेस्टोरेंट में शराब पीते मिले 11 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने मौके से अवैध शराब व अन्य सामग्री बरामद की है। शराब की दुकान के बारे में पुलिस ने पत्र के माध्यम से आबकारी विभाग को भी सूचना दी है। जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनके नाम अरूण गौर निवासी बापू कालोनी, सत्यम जैसवाल निवासी तीन मंजिला के सामने जहांगीराबाद, समीर अली निवासी रामनगर मंडीदीप, राहुल राही निवासी रत्नागिरी भेल पिपलानी, राहुल मरोटिया निवासी वाल्मीकि बस्ती बरखेड़ी, आशीष पटेल निवासी शंकर गार्डन अशोका गार्डन, गरुण तिवारी निवासी बाग फरहत अफ्जा, नसीम शेख निवासी जहांगीराबाद, भोला नामदेव निवासी पुरानी विधानसभा अरेरा हिल्स, भगवान गोदडे निवासी आनंद नगर, अक्षय रैकवार निवासी भोईपुरा काली मंदिर, संतोष मिश्रा निवासी पुलिस स्टोर के पीछे जहांगीराबाद व आशू वाजपेयी निवासी कृष्णा नगर बजरिया बताए गए हैं।



**मेट्रो एंकर** बिलखिरिया थाना प्रभारी ने सकुशल बाहर निकाल पहुंचाया अस्पताल

# सड़क पर मुड़ते ट्रक में घुसा बाइक सवार, हेलमेट से बची जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित रायसेन बायपास पर होटल रेशम राव के पास मुख्य सड़क से गोदाम की तरफ टर्न हो रहे ट्रक में साइड से बाइक सवार जा घुसा। उसकी बाइक ट्रक के नीचे फंस गई थी, जबकि सिर पर हेल्मेट होने के कारण जान बच गई। केवल दो तीन दांत टूटे है। घटना के समय थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान थाने पहुंच रहे थे और उन्होंने घायल को बाहर निककर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक चालक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार संदीप लोधी पिता लीलाधर लोधी (28) हथाई खेड़ा, आनंद नगर में रहता है और भोपाल ग्लोबल सिटी में नौकरी करता है। शनिवार सुबह वह बाइक से बायपास होता हुआ जा रहा था। इस दौरान रेशम राव होटल के पूर्व बने गोदाम में एक ट्रक गोदाम में खाले होने के कारण मुड़ रहा था। ट्रक की रफ्तार बिल्कुल धीमी थी, जबकि संदीप की बाइक की रफ्तार तेज थी। वह सर्विस लेन से बाइक लेकर निकला और सीधे ट्रक के साइड में बने टैंक के पास जा घुसा। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक ट्रक के नीचे जाकर फंस गई, जबकि वह टैंक के पास ट्रक के नीचे पड़ा था। घटना के समय सिर में हेल्मेट होने से संदीप के सिर में चोट नहीं आई है, लेकिन हेलमेट का कांच खुला होने के कारण उसके दो तीन दांत जरूर टूट गए।




### खुदकुशीः खुद को बताया जिम्मेदार

भोपाल। कमला नगर में रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। जानकारी के अनुसार अनिस राज (25) मूलतः बिहार का रहने वाला था। भोपाल में पढ़ाई पूरी करने के बाद वह प्रायवेट काम कर रहा था। फिलहाल वह नेहरू नगर चौराहा स्थित कम्फर्ट प्लाजा में किराए के फ्लैट पर रहता था। कमरे की तलाशी में पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। हालांकि सुसाइड नोट में फांसी लगाने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं गुनगा इलाके में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। अजबी बाई (75) ग्राम बुधोर थाना गुनगा में रहती थी और गृहणी थी। परिवार वाले खेती किसानी करते हैं। उम्रदराज होने के कारण उन्हें कई प्रकार की बीमारियां थी, जिसके चलते वह दरवाजे पर ही लेटी रहती थी। गत दिवस वह अचानक उल्टियां करने लगी तो परिजन उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी मौत हो गई। मौत का कारण जहरीला पदार्थ खाना बताया गया है।

# वेतन के साथ अनुभव प्रमाणपत्र मांगा व मारपीट की, अंगूठे में दांत से काटा

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो प्लाजा में वायफू ग्राफिक्स डिजाइनिंग में बचा हुआ वेतन और सेलरी मांगने पर माखनलाल यूनिवर्सिटी के छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान आरोपी ने उसके दाहिने हाथ के अंगूठे पर दांत से काट लिया। पुलिस ने आरोपी और उसके साथ पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि विपिन सिंह पिता दिनेश सिंह (24) नेहरू नगर में रहता है और माखन लाल यूनिवर्सिटी में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह मेट्रो प्लजा में संचालित होने वाले वायफू ग्राफिक्स डिजाइनिंग में ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता था। मूलतः भरतपुर राजस्थान निवासी विपिन सिंह ने बताया कि उसे काम छोड़कर भरतपुर जाना था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह वायफू ग्राफिक्स के दफ्तर पहुंचा और रिजाइन देने के बाद सेलरी और अनुभव प्रमाण पत्र मांगने लगा। इस पर वहां मौजूद प्रखर मलिक ने उसे अनुभव प्रमण् पत्र देने से इंकार कर दिया। विपिन का कहना था कि अनुभव प्रमाण पत्र नहीं मिलने से वह दूसरी जगह काम नहीं कर सकेंगा। इसी बात को लेकर विपिन की प्रखर और उसकी साथी से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी और आरोपियों ने विपिन के साथ मारपीट करते हुए उसके दांए अंगूठे में काट लिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022